वर्ष 24, अंक 238, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 8 मार्च 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'या तो जीतेंगे या फिर मिलेगी शहादत'

### यूएस-इजरायल जंग पर बोले ईरानी राजदूत, ट्रंप ने ईरान को फिर दी धमकी



**ईरान**
**मिडिल** ईस्ट में ईरान के साथ शुरू हुई जंग आज सातवें दिन में पहुंच गई है. ये सब 28 फरवरी 2026 को अमेरिका और इजरायल की जॉइंट स्ट्राइक्स से शुरू हुआ था, जब ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत हो गई. तब से अब तक हालात बहुत तेजी से बिगड़े हैं. ईरान ने जवाबी हमले शुरू किए, गल्फ देशों में अमेरिकी बेस और दूतावासों पर ड्रोन और मिसाइल दागे. इजरायल ने लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर अटैक बढ़ाए. ईरान में मौतों का आंकड़ा अब 1,250 से ऊपर पहुंच गया है और दुनिया भर में तेल की कीमतें 150 डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा हो गई हैं.

ऑपरेशन एपिक फ्यूरी ने मचाई ईरान में तबाही


सब कुछ अचानक शुरू हुआ. अमेरिका और इजरायल ने 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' लॉन्च किया. इजरायली ऋ35 और अमेरिकी इ-2 बॉम्बर्स ने ईरान के न्यूक्लियर साइट्स, बैलिस्टिक मिसाइल बेस और लीडरशिप टारगेट्स पर हमले किए. तेहरान में खामेनेई का घर हिट हुआ और ईरानी मीडिया ने उनकी मौत की पुष्टि की. पहले दिन ईरान में करीब 200 लोग मारे गए, जिसमें ज्यादातर मिलिट्री पर्सनल शामिल थे. अमेरिका ने कहा कि ये ईरान के न्यूक्लियर और मिसाइल प्रोग्राम को रोकने के लिए था. इजरायल के ढट बेंजामिन नेतन्याहू ने बाद में फॉक्स न्यूज को बताया कि अगर अब नहीं रोकते, तो ईरान के प्रोग्राम कुछ महीनों में हमलों से 'इम्यून' हो जाते यानी अंडरग्राउंड बंकर इतने मजबूत कि कोई हमला काम नहीं कर सकता था. इजरायल ने ऋब्व-28 बंकर बस्टर बॉम्ब इस्तेमाल किए, अमेरिका ने टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें दागीं. कुल 500 से ज्यादा टारगेट हिट हुए. ईरान ने पहले दिन कोई बड़ा जवाब नहीं दिया, लेकिन रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (क्रक्ऋ) ने चेतावनी दी.

होर्मुज स्ट्रेट बंद और मिसाइल-ड्रोन्स के हमले

ईरान ने बदला लेना शुरू किया. IRGC ने कतर, कुवैत, बहरीन में अमेरिकी बेस पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं. दुबई और अबू धाबी (वअए) में ड्रोन अटैक हुए. सऊदी अरब और ओमान पर भी हमले हुए.

ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट बंद करने का ऐलान किया, जहां से दुनिया का 20% तेल गुजरता है।

## पीएम मोदी ने गिनाई कोटा की खूबियां



**कोटा**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शिक्षा, ऊर्जा और विरासत के केंद्र के रूप में कोटा के महत्व पर जोर दिया। समारोह के दौरान एक वीडियो संदेश में, पीएम मोदी ने कहा कि यह क्षेत्र परमाणु, कोयला, गैस और जलविद्युत सहित कई स्त्रोतों से बिजली का उत्पादन करता है। प्रधानमंत्री ने हाड़ौती क्षेत्र की समृद्ध विरासत और पारंपरिक उत्पादों की प्रशंसा करते हुए कोटा कचौरी और कोटा डोरिया साड़ियों जैसी विशिष्टताओं का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कोटा स्टोन और सैंडस्टोन जैसी विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त सामग्रियों का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि इस क्षेत्र के कृषि उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त है, और उन्होंने स्थानीय धनिया और बूंदी के बासमती चावल के निर्यात का उदाहरण दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कोटा न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि ऊर्जा का भी एक प्रमुख केंद्र है। यह एक अनूठा क्षेत्र है जहाँ परमाणु, कोयला, गैस और जल सहित लगभग सभी स्त्रोतों से बिजली उत्पन्न होती है। हाड़ौती की यह भूमि अपनी विरासत के लिए भी उतनी ही प्रसिद्ध है। कोटा कचौरी के स्वाद और कोटा डोरिया साड़ियों की भव्यता से लेकर कोटा स्टोन और सैंडस्टोन की वैश्विक पहचान तक, इस क्षेत्र ने विश्व स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है। स्थानीय धनिये की सुगंध और बूंदी के बासमती चावल अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच चुके हैं। यह क्षेत्र अपनी मेहनत, उत्पादन और क्षमता के लिए जाना जाता है। नया कोटा हवाई अड्डा इस क्षमता को कई गुना बढ़ा देगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाड़ौती क्षेत्र को शिक्षा, उद्योग, उद्यम और आस्था का केंद्र बताया और कहा कि सदियों से श्रद्धालु श्री मथुराधि जी, केशव राय पाटन और गोदावरी बालाजी धाम जैसे पवित्र स्थलों पर दर्शन के लिए आते रहे हैं।

## अमित शाह ने दी 427 करोड़ की सौगात, आरक्षियों को नियुक्ति पत्र और 5 को मिली सीएए नागरिकता



**उत्तराखंड**
**देवभूमि** उत्तराखंड के हरिद्वार में शनिवार को आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राज्य के विकास और सुरक्षा को नई धार दी. इस दौरान उन्होंने पुलिस विभाग में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे, नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत प्रमाण पत्र वितरित किए और करोड़ों रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया.

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में अमित शाह ने कुल 427 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का पिटारा खोला. उन्होंने 312 करोड़ रुपये की लागत वाली 19 नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी, जो आने वाले समय में जिले की सूरत बदल देंगी.

जनसुविधाओं का होगा विस्तार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लगभग 115 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हुई 32 जनोपयोगी योजनाओं को जनता को समर्पित किया गया. इन परियोजनाओं में मुख्य रूप से आधुनिक सड़कें, उन्नत पेयजल व्यवस्था, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े बुनियादी ढांचे शामिल हैं, जिससे हरिद्वार और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जनसुविधाओं का विस्तार होगा.

युवाओं को मिला रोजगार, पुलिस बल हुआ मजबूत

रोजगार सृजन को केंद्र और राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए गृह मंत्री ने उत्तराखंड पुलिस के नवनियुक्त आरक्षियों को अपने हाथों से नियुक्ति पत्र सौंपे. उन्होंने नवनियुक्त जवानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक सशक्त और अनुशासित पुलिस बल ही सुरक्षित उत्तराखंड की नींव है. नियुक्ति पत्र पाकर युवाओं और उनके परिवारों के चेहरे खिल उठे.

ऐतिहासिक कदम: CAA के तहत मिली भारतीय नागरिकता

कार्यक्रम का सबसे भावुक और महत्वपूर्ण क्षण वह था जब अमित शाह ने 5 शरणार्थियों को नागरिकता संशोधन अधिनियम (CAA) के तहत 'भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र' प्रदान किए. गृह मंत्री ने गर्व के साथ कहा, "यह कानून उन लोगों को सम्मानजनक जीवन और संवैधानिक अधिकार देने के लिए बनाया गया है, जो दशकों से भारत में शरण लेकर रह रहे थे. आज वे आधिकारिक रूप से इस महान राष्ट्र के नागरिक बन गए हैं."

डबल इंजन सरकार का संकल्प

जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'डबल इंजन' की सरकार उत्तराखंड को विकास के नए शिखर पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने जोर देकर कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के साझा प्रयासों से हरिद्वार न केवल एक आध्यात्मिक केंद्र के रूप में, बल्कि एक आधुनिक और विकसित शहर के रूप में भी विश्व पटल पर अपनी पहचान मजबूत करेगा।

## विपक्ष का काम है शोर मचाना

**नई दिल्ली**
**कांग्रेस** नेता अखिलेश प्रसाद सिंह ने शनिवार को द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलेंडरों की कीमतों में हालिया वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे आम आदमी की आर्थिक स्थिति और खराब होगी।

एएनआई से बात करते हुए कांग्रेस नेता अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा, "यह वाकई चिंता का विषय है। महंगाई पहले से ही बहुत ज्यादा है, और अगर अब कीमतें बढ़ा दी गई हैं, तो जनता पर बोझ और बढ़ जाएगा। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए और इसकी जांच करनी चाहिए..."

दूसरी ओर, भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने एएनआई से बात करते हुए कहा, "मूल्य मुद्रास्फीति सूचकांक के अनुसार यह वृद्धि बहुत मामूली है... ऊर्जा की कीमतें पूरी दुनिया में बढ़ रही हैं... शोर मचाना विपक्ष का काम है।

इस बीच, शनिवार को घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में 60 रुपये की वृद्धि से जनता में चिंता पैदा हो गई है, और कई लोगों ने घरेलू बजट को प्रबंधित करने में आने वाली कठिनाइयों के बारे में चिंता व्यक्त की है। घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में शनिवार, 7 मार्च से बढ़ोतरी कर दी गई है।

## भारत का उदय हमारी पावर से तय होगा, दूसरों से नहीं




**नई दिल्ली**
**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया है कि भारत का वैश्विक पथ स्वयं निर्धारित है, और उन्होंने इस बात पर बल दिया कि देश का विकास उसकी घरेलू क्षमताओं और दृढ़ता पर आधारित है। रायसीना संवाद में बोलते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि यदि हमें हिंद महासागर से जुड़ी एक भावना या पहचान का निर्माण करना है, तो उसे संसाधनों, कार्यों, प्रतिबद्धताओं और व्यावहारिक परियोजनाओं से समर्थित होना होगा। हिंद महासागर के निर्माण के कई आयाम हैं। हिंद महासागर एकमात्र ऐसा महासागर क्यों है जिसका नाम किसी देश के नाम पर रखा गया है क्योंकि हम इसके ठीक बीच में स्थित हैं। हमारे विकास से हिंद महासागर के अन्य देशों को लाभ होगा। जो हमारे साथ काम करेंगे, उन्हें अधिक लाभ मिलेगा। भारत का उदय हमारी शक्ति से निर्धारित होगा, न कि दूसरों की गलतियों से। जयशंकर ने आगे इस बात पर जोर दिया कि भारत ने इस क्षेत्र के विकास में निवेश किया है और भारत की वृद्धि से इस क्षेत्र के देशों को लाभ होगा।

रायसीना डायलॉग में जयशंकर की टिप्पणियां अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के उस बयान के दो दिन बाद आईं, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका भारत को उसी प्रकार के आर्थिक लाभ प्रदान करने की गलती नहीं दोहराएगा, जो उसने चीन को दिए थे और जिसके कारण बीजिंग एक प्रमुख प्रतिद्वंद्वी बन गया।

जयशंकर ने एक संवाद सत्र के दौरान कहा कि आज जब हम देशों के उत्थान की बात करते हैं, तो देशों का उत्थान खुद उन्हीं देशों द्वारा निर्धारित होता है।

### 'जिम्मेदार पदों पर बैठी महिलाएं...'

## विमेन्स डे से पहले मुख्यमंत्री का बड़ा बयान



**नई दिल्ली**
**दिल्ली** की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार (7 मार्च) को भारती नारी से नारायणी: महिला विचारकों का राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुई. सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी वाले पदों पर बैठी सक्षम महिलाओं को दूसरी महिलाओं का हाथ थामकर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए. उनका कहना था कि जब महिलाएं एक-दूसरे का सहयोग करती हैं तो आने वाली पीढ़ियों के लिए आगे बढ़ना आसान हो जाता है.

इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेविका समिति ने किया था. इस दो दिवसीय सम्मेलन में देश के अलग-अलग क्षेत्रों से आई महिलाओं ने समाज और देश के विकास में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा की.

जरूरतमंद महिलाओं की हर संभव करें मदद- रेखा गुप्ता

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि आज देश तेजी से आगे बढ़ रहा है. इसलिए जरूरी है कि बेटियों को वह हौसला और अवसर मिले, जो पहले कई महिलाओं को नहीं मिल पाए थे.

उन्होंने कहा कि जो महिलाएं आज जिम्मेदारी वाले पदों पर काम कर रही हैं, उन्हें उन महिलाओं की मदद करनी चाहिए जिन्हें मार्गदर्शन, संसाधन और प्रोत्साहन की जरूरत है।

## 70 लाख से ज्यादा नए वोटरों के आवेदन आए, 2.6 लाख नाम हटवाने की एप्लीकेशन




**उत्तर प्रदेश**
**उत्तर प्रदेश** में मतदाता सूची विशेष गहन परीक्षण अभियान के दौरान बड़ी संख्या में दावे और आपत्तियां दर्ज की गयी हैं. नए मतदाताओं का नं दर्ज करवाने के लिए 70 लाख से अधिक फॉर्म-6 जमा हुए, जबकि सूची से नाम हटवाने के लिए दो लाख से अधिक फॉर्म-7 जमा हुए. यह जानकारी शनिवार को राज्य के मुख्या निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने शनिवार को लोक भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में दी. निर्वाचन अधिकारी ने प्रेस वार्ता में रक्क्र अभियान का विस्तृत ब्यौरा पेश किया. जिसमें 27 अक्टूबर 2025 से 6 मार्च 2026 तक की पूरी जानकारी है. जिसमें यह विस्तार से बताया गया कि कितने किस प्रकार के फॉर्म और राजनैतिक दलों की आपत्ति और दावे आए. उन्होंने दावा किया कि अंतिम सूची 27 मार्च से पहले सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे.

दावों और आपत्तियों का संख्यावार विवरण (6 जनवरी से 6 मार्च)

नाम जोड़ने के लिए कुल फॉर्म-6: 70,69,810
महिला आवेदन: 35,72,603
पुरुष आवेदन: 34,96,911
थर्ड जेंडर: 296

इन आंकड़ों में महिलाओं की संख्या अधिक है, जबकि फॉर्म-6 भरने में पुरुष पीछे रहे.

नाम हटवाने के लिए कुल फॉर्म-7: 2,68,682
पुरुष आवेदन: 1,58,027
महिला आवेदन: 1,10,645
थर्ड जेंडर: 10

27 अक्टूबर 2025 से 6 मार्च 2026 आवेदन व आपत्ति

फॉर्म-6 कुल आवेदन: 86,69,073
पुरुष: 43,06,364
महिला: 43,62,323
थर्ड जेंडर: 386

फॉर्म-7 कुल आवेदन: 3,18,140
पुरुष: 1,86,362
महिला: 1,31,766
थर्ड जेंडर: 12

मसौदा मतदाता सूची की स्थिति

मुख्य निर्वाचन अधिकारी रिनवा ने बताया कि 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची में कुल 12.55 करोड़ मतदाता शामिल थे, जिनमें पुरुष 6.88 करोड़ (54.8%), महिला 5.67 करोड़ (45%), थर्ड जेंडर 4,119 (0.01%) हैं. उन्होंने आगे बताया कि 3.26 करोड़ मतदाताओं को सत्यापन के लिए नोटिस जारी किए गए, जिनमें से लगभग 2.80 करोड़ की सुनवाई पूरी हो चुकी है।

## योगी की मां पर आपत्तिजनक टिप्पणी से बवाल

### लखनऊ में प्रदर्शन, मौलाना का पुतला फूंका



**लखनऊ**
**बिहार** में मौलाना अब्दुल्ला सलीम द्वारा यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ की मां पर की गयी आपत्तिजनक टिपण्णी का मामला तूल पकड़ता जा रहा रहा है. जिसको लेकर आज शनिवार को राजधानी लखनऊ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के कार्यकताओं ने हजरतगंज चौराहे पर विरोध प्रदर्शन करते हुए मौलाना का पुतला फूंका. इस दौरान कार्यकताओं ने मौलाना के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.

प्रदर्शन करने आए कार्यकताओं ने इस मामले में चार दिन के अंदर कार्रवाई की मांग की है. अगर ऐसा नहीं हुआ तो आगे तीव्र आंदोलन होगा. इसके अलावा अयोध्या में महंत राजूदास और गौसेवा संगठन के अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी द्वारा भी कार्रवाई की मांग की गयी है.

क्या है पूरा मामला ?

दरअसल बिहार में रमजान के दौरान एक मजहबी तकरीर में मौलाना आब्दुला सलीम ने यूपी में गौकशी कानून की आलोचना की. इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां का जिक्र किया. जो बेहद आपत्तिजनक था, ये बयान तेजी से बिहार से लेकर यूपी में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. बीजेपी कार्यकताओं के साथ साधू संतों ने भी इस तरह के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है.

महंत राजू दास की चेतावनी

इस मामले में अयोध्या के हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास ने भी मौलाना के बयान की कड़ी निंदा की. उन्होंने कहा, "बिहार सरकार या तो मौलाना को जेल भेजे या ईश्वर के पास मेल करें." महंत राजू दास ने इसे मां भारती और गौमाता के अपमान से जोड़ा और सख्त कार्रवाई की मांग की. इसके साथ ही कई और संगठनों ने भी शिकायत की है. लखनऊ के आलमबाग थाने में गौसेवा संगठन अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने भी मौलाना के खिलाफ तहरीर दी है. इसे भड़काऊ और समाज में वैमनस्य बढ़ाने वाला बयान बताया.

बहरहाल पुलिस या प्रशासन की तरफ से इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है, लेकिन सोशल मीडिया पर लोग मौलाना को खूब खरी-खोटी सुना रहे हैं।

## 'भारत में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं'




**नई दिल्ली**
सोशल मीडिया पर इन दिनों एक इंस्टाग्राम रील तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि ईरान द्वारा होर्मुज स्ट्रेट बंद किए जाने के कारण भारत में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है और कीमतों में उछाल आ सकता है. वीडियो में लोगों से तुरंत पेट्रोल पंप पर जाकर गाड़ियों की टंकी फुल कराने की अपील भी की जा रही है. हालांकि केंद्र सरकार और देश की प्रमुख तेल कंपनियों ने इस दावे को पूरी तरह भ्रामक बताते हुए स्पष्ट किया है कि भारत में ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है.

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से फैली अफवाह

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल एक वीडियो में दावा किया जा रहा है कि होर्मुज स्ट्रेट की स्थिति के कारण भारत में पेट्रोल और डीजल की सप्लाई प्रभावित हो सकती है. वीडियो में लोगों को सलाह दी जा रही है कि वे तुरंत पेट्रोल पंप पहुंचकर अपनी गाड़ियों की टंकी फुल करवा लें, क्योंकि जल्द ही ईंधन की कमी और कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है. यह वीडियो तेजी से शेयर किया जा रहा है, जिससे कई लोगों के बीच भ्रम की स्थिति बन गई है.

केंद्र सरकार की ओर से जारी आधिकारिक जानकारी में साफ कहा गया है कि सोशल मीडिया पर फैलाया जा रहा यह दावा पूरी तरह फर्जी है।

# संपूर्ण समाधान दिवस कोरांव में आई 202 शिकायतों में छः का हुआ निस्तारण

## एसडीएम न्यायिक की अध्यक्षता में आयोजित हुआ समाधान दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** शनिवार को तहसील सभागार कोरांव में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम न्यायिक अमित वर्मा एवं तहसीलदार विनय बरनवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सुबह 10 से लेकर दोपहर 2 बजे तक चले संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 202 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई जिनमें 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए न्यायिक एसडीएम अमित वर्मा और तहसीलदार विनय बरनवाल ने संबंधित विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों को प्राप्त शिकायतों को समय से निस्तारित करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में नायब तहसीलदार रणविजय सिंह, थाना प्रभारी कोरांव राकेश कुमार वर्मा ने भी आए हुए फरियादियों की शिकायतें सुनी। संपूर्ण समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग की 85, पुलिस की 36, विकास विभाग की



15, शिक्षा विभाग की दो, स्वास्थ्य विभाग की दो, समाज कल्याण विभाग की चार तथा कुल 58 शिकायतें अन्य विभागों की पाई गई। जिनमें 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया जा सका है। संपूर्ण समाधान दिवस में सहायक विकास अधिकारी पंचायत विवेक कुमार मिश्र, एडीओ आईएसबी रामेश्वर सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद रिजवान, एसडीओ विद्युत चंद्रशेखर आजाद समेत सिंचाई स्वास्थ्य एवं सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## दो बाइकों की टक्कर में एक व्यक्ति हुआ घायल

**कोरांव।** कोरांव थाना क्षेत्र के बैदवार गांव में शनिवार को दोपहर 1 बजे के करीब दो बाईकों की टक्कर हो जाने से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे 108 एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव लाया गया। जहां चिकित्सकों ने घायल व्यक्ति का उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक पंचम लाल गुप्ता पुत्र जोखई राम गुप्ता (50) निवासी चिरांव थाना कोरांव अपने साथी शंकर लाल के साथ बाइक से कहीं गए हुए थे कि वापस लौटते समय कोरांव ड्रमंडगंज मुख्य मार्ग पर बैदवार गांव में पावर हाउस के पास दो बाइको की टक्कर हो जाने से बाइक चालक पंचम लाल घायल हो गए। जबकि दूसरी बाइक पर सवार लोग बाल बाल बच गए। घायल को 108 एंबुलेंस के द्वारा सीएचसी कोरांव लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेश ने बताया कि बाइक सवार पंचम लाल के पैर में गंभीर चोटें होने के कारण प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# प्रेमी-प्रेमिका ने मंदिर में रचाई शादी

## सजातीय प्रेमी जोड़े ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच एक दूसरे को पहनाई वरमाला

**अखंड भारत संदेश**



**कोरांव।** कोरांव थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवो के सजातीय प्रेमी जोड़े ने माता-पिता की सहमति से शनिवार को क्षेत्र के एक मंदिर में शादी रचा ली।

जानकारी के मुताबिक ममता देवी पुत्री हिंछलाल निवासी देवघाट बैठकवा थाना कोरांव व पवन कुमार पुत्र निवासी जमुआ धूस के बीच काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जब यह बात माता पिता व अन्य परिजनों को हुई तो एक दूसरे के परिजनों को नाराजगी होने लगी। जिसके बाद एक पक्ष से झल्लर पटेल तो दूसरे पक्ष से अजय पटेल ने मध्यस्थता कर कन्या और वर पक्ष के माता-पिता को समझा बुझाकर विवाह करने की बात कही। जिस पर लड़के और लड़की दोनों पक्ष के परिजन राजी हो गए और शनिवार को देवघाट बैठकवा गांव में बटाऊवीर के परिसर में स्थित हनुमान मंदिर परिसर सायं 4 बजे से 6 बजे के बीच वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दोनों का विवाह संपन्न हुआ। इस दौरान वर व कन्या के द्वारा एक दूसरे को वरमाला भी पहनाई गई। लड़की पक्ष से वार्ड नंबर 83 के जिला पंचायत सदस्य पद के भावी प्रत्याशी अजय पटेल ने जहां भोजन आदि डीजे बैंड बाजे की व्यवस्था कराई वहीं लड़के पक्ष की ओर से अवध राज पटेल उर्फ झल्लर ने आर्थिक सहयोग दिया। लड़की और लड़के पक्ष के परिजनों ने दोनों समाजसेवियों के इस पुनीत कार्य की सराहना की है। कन्या और वर पक्ष के माता-पिता ने कहा कि हम लोगों ने रजामंदी के साथ यह शादी की है। किसी भी प्रकार का कोई मनमुटाव और भेदभाव नहीं है। हम लोग एक दूसरे की सहमति से ही विवाह संपन्न कराए है। मंदिर परिसर से ही कन्या पक्ष के लोगों ने लड़की की विदाई की और लड़की अपने ससुराल चली गई।

# मांडा में वन विभाग की मिलीभगत से गिरधरपुर में सड़क किनारे स्थित महुआ का हरा पेड़ को किया जमींदोज, प्रशासन मौन

## लकड़ी तस्करों ने मांडा क्षेत्र के कई विशाल पेड़ो को जमींदोज कर चुके हैं

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा।** क्षेत्र में हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। विभिन्न गांवों में बीते कई दिनों से बड़े पैमाने पर हरे पेड़ों पर आरी चलाई जा रही है, लेकिन संबंधित वन विभाग के अधिकारी अब तक कोई ठोस कार्रवाई करते नजर नहीं आ रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों की कथित मिलीभगत के कारण ही लकड़ी माफिया बेखौफ होकर प्राकृतिक संपदा को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार कटाई का यह सिलसिला दिन-रात जारी है। कई स्थानों पर आम, महुआ ,नीम, शीशम और अन्य छायादार व उपयोगी पेड़ों को निशाना बनाया जा रहा है। रात के अंधेरे में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और छोटे मालवाहक वाहनों से लकड़ियों की ढुलाई खुलेआम की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित विभाग को इसकी पूरी जानकारी है, इसके बावजूद न तो छापेमारी हो रही है और न ही दोषियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि जब भी शिकायत की जाती है, तो कार्रवाई का आश्वासन देकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। कुछ ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अवैध कटाई करने वाले लोगों को पहले से ही



2 मार्च को महुआ का पेड़ का दृश्य



7 मार्च को महुआ का पेड़ का दृश्य

संभावित जांच की सूचना मिल जाती है, जिससे वे आसानी से बच निकलते हैं। इससे अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उधर ग्राम पंचायत गिरधरपुर के भरथीपुर गांव के समीप सड़क के किनारे विगत वर्षों से विशाल काया के रूप में प्राकृतिक शोभा व शुद्ध वातावरण के लिए स्थित महुआ का पेड़ है जहां की गर्मी बरसात के मौसम में उक्त महुआ के पेड़ से शुद्ध हवा प्राप्त करते है

### हरे पेड़ कटवाने में वनविभाग की मिली भगत का ग्रामीणों ने लगाया गम्भीर आरोप

बघौराखवासान – भरथीपुर गांव सम्पर्क सड़क के किनारे स्थित विगत वर्षों पुराना महुआ का हरा पेड़ कटवाने की सूचना पर ग्रामीणों ने आनन फानन में वनविभाग को दी ' तो वनविभाग के दरोगा ने पेड़ कटवाने वाले माफियाओं को ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत की जानकारी दे दी जिससे गांव में आपसी तनाव का माहौल बना हुआ है ' वन विभाग की रवैया से ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है ऐसे हरे पेड़ कटवाने वालो की सूचना लकड़ी कटवाने वाले माफियाओं को जानकारी देने पर लोग कतराते हैं लेकिन कोई हरे पेड़ो की रक्षा करने का संकल्प लेता है तो वन विभाग की उदासीनता के कारण गांव में विवाद के साथ तनाव पूर्ण माहौल हो जाता है ' ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अवैध कटाई करने वालों को संभावित जांच की सूचना पहले ही मिल जाती है, जिससे वे आसानी से बच निकलते हैं। भरथीपुर गांव के समीप सड़क किनारे स्थित महुआ का यह पेड़ वर्षों से प्राकृतिक शोभा और शुद्ध वातावरण का स्रोत था। इसे सुबह आठ बजे काट कर जमींदोज कर दिया गया। ग्रामीणों की शिकायत पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची।

भूमि स्वामी ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी भूमि पर मकान निर्माण के लिए वन विभाग से अनुमति प्राप्त की है। हालांकि, ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों को गुमराह करके हरे महुआ के पेड़ को काटने की अनुमति ली गई है और भूमि स्वामी कोई मकान का निर्माण नहीं करेगा।

भूमि व पेड़ स्वामी राजेश पांडेय पुत्र सूर्य नाथ न तो वन विभाग के पास गए और न ही मांडा थाने गए लेकिन अनुमति पत्र लकड़ी तस्करों के देने व शिफारिश पर पेड़ धड़ल्ले से कट गया वहां भी पेड़ काटते समय पेड़ स्वामी वहां भी नहीं मौजूद रहा।

ग्रामीणों ने मांग की है कि यदि भूमि स्वामी उक्त भूमि पर मकान निर्माण नहीं करवाता है, तो शीर्ष अधिकारियों द्वारा मामले की जांच कर उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। तथा मांडा क्षेत्र के अन्तर्गत पूर्व में यही लकड़ी तस्करों ने मांडा थाना के सामने पशु अस्पताल के पीछे विशाल पेड़ो का बगीचा था और उसी के बगल विशाल नीम का पेड़ था जो वे लकड़ी तस्करों ने वन विभाग की मिली भगत से काट कर उठा ले गए ' वन विभाग की कमजोर नब्ज टटोल कर लकड़ी तस्करों ने धड़ल्ले से हरे पेड़ो को काट रहे हैं।

ग्रामीणों ने शीर्ष अधिकारियों से उक्त स्थलों के पेड़ो की जांच करने की मांग की है ' कि वे पेड़ किन विभागों के आदेश से पेड़ काटा गया ' उक्त काटे गए पेड़ो की निष्पक्ष जांच कर दोषी एवं भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

उक्त महुए के हरे पेड़ को काटने के फिराक में लगे थे । जो शनिवार को सुबह ही मनबढ़ लकड़ी तस्करों ने उक्त हरे महुए के पेड़ की विशाल काया को जमींदोज कर दिया। पेड़ को कटने से ग्रामीणों में सुरक्षा व्यवस्था पर तरह तरह की चचाएं फैली हुई हैं।

# ईशा आर डी पी स्कूल एण्ड कालेज का परीक्षा परिणाम घोषित




## खुशी राव 93% सीनीयर, आस्था पाल 96% जूनियर व प्रगति मिश्रा 91% अंक हासिल कर प्राइमरी में बनी टापर

**फूलपुर।** फूलपुर क्षेत्र के बाबूगंज स्थिति ईशा आर डी पी स्कूल एण्ड कालेज का वार्षिक परीक्षा परिणाम शनिवार को घोषित किया गया। अंक पत्र वितरित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक विजय पाल ने कहा कि सफलता के लिए परिश्रम जरुरी है साथ ही छात्र - छात्राओं के चतुमुर्खी विकास में अभिभावको व शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया की सफल छात्र छात्राओं की अगली कक्षाएं 9 मार्च से प्रारंभ हो रही है वो नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण करे।वहीं परीक्षा मे शानदार सफलता पाने वाले छात्रो की खुशी का ठिकाना रहा। कक्षा 11वीं में खुशी राव 93% अंक पाकर प्रथम,नीतू पाल 91% द्वितीय,कोमल पाल, आरुही चौरसिया व कक्षा 9 में आरुषी पाण्डेय 85% अंक पाकर प्रथम, दृश्या मिश्रा, वसु यादव, कक्षा 8 में रिदा अंसारी, अहम, रोली यादव, कक्षा 7 में आस्था पाल किंजल पुष्कर, कक्षा 6 में पुजाली सिंह, शिवा पटेल, कक्षा 5 में सोनल पाल कक्षा 4 में प्रगति मिश्रा, मानविक यादव, कक्षा 3 में नीशू यादव, कक्षा 2 विनायक मिश्रा, कक्षा 1 में प्रतीक मिश्रा, व अपर के जी में पलक यादव , और लोवर में राधिका मिश्रा ने सर्वोच्च अंक प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य नीलम पाल, जावेद, बी राय, शिवकांत शुक्ल, रोहित, इंदू त्रिपाठी, पूजा गुप्ता, स्नेहा सिंह, संगीता पटेल, रागिनी सिंह, रौनक बानो, रबीना के साथ अध्यापक व अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

# घर से चोरी हुए आभूषण को कुछ ही घंटे में पुलिस ने किया बरामद

**करछना।** थाना क्षेत्र के हौजकटोरवा गांव निवासी मूलचंद पाल पुत्र लालमणि पाल के यहां शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए घर के अंदर बॉक्स में रखा साढ़े 5 लाख रुपए तक का आभूषण उठा ले गए। सुबह घटना की जानकारी घरवालों को हुई तो रोना पीटना मच गया। पीड़ित ने बताया कि बहन की शादी मई माह में तय की गई है। शादी में देने के लिए थोड़ा-थोड़ा पैसा इंतजाम कर आभूषण बनवा कर रखा था। घटना की जानकारी स्थानी पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची और कई घंटे कड़ी मशक्कत के बाद पड़ोसी भतीजे के घर से चोरी हुई सामान को बरामद कर लिया। चौकी इंचार्ज एसएन ने बताया कि सामान को बरामद कर लिया गया है। पूछताछ करने के लिए घर वालों को भी बुलाया गया है।

# कुंदौरा महादेव का भव्य श्रृंगार, होली मिलन का आयोजन



**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** कुंदौरा महादेव आरती समिति के संयोजन में प्रतिदिन शाम को देवाधिदेव कुंदौरा महादेव का वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ भव्य श्रृंगार कर-के प्रतिदिन महाआरती किया जा रहा है। इसी क्रम में कुंदौरा महादेव आरती समिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन? किया गया। कुंदौरा महादेव का भव्य श्रृंगार विभिन्न रंगों से किया गया, इस कार्यक्रम में हास्य, संगीत और रंगों के साथ लोगों ने होली का स्वागत किया गया।समारोह में समिति के सदस्यों के अलावा कई गणमान्य व्यक्ति और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संगीतमय प्रस्तुतियां हुईं उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देकर, आपसी भाईचारे का संदेश दिया। आरती समिति के अध्यक्ष बालकृष्ण तिवारी ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में मेल-मिलाप और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि होली जैसे त्योहार प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश देते हैं। समारोह के समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने होली के गीतों और हास्य प्रस्तुतियों का आनंद लिया। मुख्य पुजारी पंडित शुभम तिवारी ने बताया कि देवाधिदेव का ढोल-मृदंग, घंटा घड़ियाल के साथ विभिन्न फूल मालाओं से तोरण बनाकर गंगाजल स्नान, दुग्ध स्नान, धतूरा स्नान, अष्टगंध भस्म, डमरु साज के साथ भव्य श्रृंगार पूजन अर्चन करके प्रतिदिन महाआरती का आयोजन किया जाता है होली पर महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर कुंदौरा महादेव आरती समिति के पदाधिकारियों में मुख्य पुजारी पंडित शुभम तिवारी, पंडित धीरेंद्र पांडेय, आचार्य पंडित शेखर तिवारी, अभिषेक मिश्रा बाबा ऋतुराज सिंह, ऋषभ मिश्रा, आशीष मिश्रा, हर्ष तिवारी, अभिषेक मिश्रा, गोलू पांडेय, अखिलेश तिवारी, प्रभात तिवारी, पंकज पांडेय, रितेश पांडेय, आशुतोष तिवारी, नितिन तिवारी, विपुल पांडेय, अनंत पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ, श्रद्धालुओं से गूंजा सहसों बाजार

**सहसों।** सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस पर शनिवार को कथा से पूर्व श्री रामचरितमानस सम्मेलन समिति सहसों के तत्वावधान में श्री राम जानकी वाटिका प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का नेतृत्व श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा व्यास आचार्य सतानंद जी महाराज ने किया। कलश यात्रा में यजमान राकेश तिवारी एवं आशीष केसरवानी सहित अन्य श्रद्धालु भक्तों ने श्रीमद्भागवत महापुराण धर्म ग्रंथ को श्रद्धापूर्वक धारण किया, वहीं महिलाओं ने सिर पर पूजित कलश को रखकर यात्रा में मंगल गीत गाते चल रहीं थीं। आधुनिक बाजे-गाजे के साथ निकली यह कलश यात्रा प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की दिव्य प्रतिमा के साथ अग्रसारित हो रही थी। कथा स्थल





से प्रारंभ हुई कलश यात्रा सहसों बाजार, बाईपास, गोल चौराहा और कसेरुआ कला होते हुए पुनः कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालु राधे-राधे, जय श्रीकृष्ण और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कलश यात्रा के पश्चात कथा व्यास आचार्य सतानंद जी महाराज ने श्रीमद्भागवत महात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रद्धापूर्वक श्रवण करने से मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सनातनी को जीवन में कम से कम एक बार अवश्य भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। कथा विश्राम के दौरान यजमान आशीष केसरवानी, राकेश तिवारी, मनोज तिवारी परिवार सहित अन्य भक्तों ने भागवत भगवान, व्यासपीठ एवं आवाहित देवी-देवताओं की आरती उतारी। तत्पश्चात श्रद्धालु भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर अरविंद केसरवानी, शिव बाबू केसरवानी, अमन केसरवानी, विष्णु केसरवानी, जयकृष्ण सोनी, राजेंद्र केसरवानी (बबलू), राजेश केसरवानी, इंजीनियर मनोज प्रजापति, राजा केसरवानी, प्रहलाद मोदनवाल, शिव बाबू मोदनवाल, विमल चंद्र गुप्ता, जयेश केसरवानी, सत्यम, फूलचंद साहू, अजय केसरवानी, राजीव केसरवानी, मोनू केसरवानी, किशन कुमार, उमेश केसरवानी, सत्यम केसरवानी, दिनेश कुमार भारतीय एवं मनीष केसरवानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रोता उपस्थित रहे।

# नैनी पुलिस ने नकबजनी के दो आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

**नैनी।** नैनी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी की घटना का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का गले का हार, एक जोड़ी कान के झुमके (पीली धातु) तथा 1,800 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, अरैल निवासी इरफाना बेगम ने तहरीर देकर बताया था कि उनके घर का ताला तोड़कर अलमारी से सोने का हार, कान के झाले और कुछ नकदी चोरी कर ली गई है। इस संबंध में थाना नैनी में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर नए यमुना ब्रिज के अंडरपास के पास से दो आरोपियों -जाहिद अहमद (20) निवासी कोटहा मेजा रोड, हाल पता पूरा फतेह मोहम्मद नैनी तथा अमरीश मिश्रा (37) निवासी ग्राम बिदाव, जनपद कौशांबी हाल पता पूरा फतेह मोहम्मद नैनी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी की घटना को स्वीकार करते हुए बताया कि वे चोरी का सामान बेचने के लिए शहर जाने की फिराक में थे, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक गले का



हार, एक जोड़ी कान के झुमके तथा 1,800 रुपये नकद बरामद कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम, उपनिरीक्षक आशीष सिंह यादव, श्रीराम उपाध्याय, कमलेश सिंह तथा कांस्टेबल सत्येन्द्र यादव और राकेश यादव शामिल रहे।

# लापरवाही पर अफसरों और लेखपालों पर कार्रवाई, स्पष्टीकरण तलब

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सरकारी कार्यों में लापरवाही और उदासीनता बरतने के मामलों में प्रशासन ने कई अधिकारियों और लेखपालों के खिलाफ कार्रवाई की है। संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है, वहीं कुछ को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है।

बारा तहसील- उपजिलाधिकारी बारा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा और शंकरगढ़ के अधीक्षक तथा विद्युत उपखंड अधिकारी कौंधियारा और रीवा रोड को संपूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी किया है। अधिकारियों के उपस्थित न रहने के कारण विभाग से जुड़ी शिकायतों का समय से निस्तारण नहीं हो सका। साथ ही कार्य में उदासीनता के चलते शिकायतों की संख्या बढ़ने और फीडबैक असंतोषजनक मिलने पर सभी से तीन दिन के भीतर उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। निर्धारित समय में जवाब न देने पर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



हंडिया तहसील- उपजिलाधिकारी हंडिया ने क्षेत्र उपरदहा के लेखपाल अनिल कुमार पासवान को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं–फार्मर रजिस्ट्री, डिजिटल क्रॉप सर्वे और तहसील दिवस से जुड़े कार्यों में लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी है।

मेजा तहसील- उपजिलाधिकारी मेजा ने ग्राम महिला क्षेत्र के लेखपाल रमाशंकर को वरासत के मामले में विधवा का नाम दर्ज न करने और कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की है।

कोरांव तहसील- तहसीलदार कोरांव ने भगेसर क्षेत्र के लेखपाल शुभम कुमार मिश्र को उच्चाधिकारियों के आदेशों का समय पर पालन न करने और तहसील की छवि खराब करने के आरोप में विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी है। साथ ही भविष्य में ऐसी गलती दोहराने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

## आज होगा सिविल लाइंस व्यापार मंडल का होली मिलन एवं सम्मान समारोह

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस व्यापार मंडल की ओर से रविवार 8 मार्च को होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे सिविल लाइंस स्थित होटल प्रयाग इन (आकाशवाणी के निकट) में आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार रंगों के इस पर्व पर शहर के व्यापारी एकत्र होकर आपसी सौहार्द, सहयोग और व्यापारिक उत्कृष्टता को मजबूत करने का संकल्प लेंगे। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पटना हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय सिंह शामिल होंगे, जबकि जिलाधिकारी समेत कई जनप्रतिनिधियों के भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहने की संभावना है। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथियों का शॉल और सम्मान पत्र देकर अभिनंदन किया जाएगा। इसके अलावा व्यापारी सम्मान, विश्व रिकॉर्ड में सहयोग देने वाली संस्थाओं को प्रमाणपत्र वितरण और रामदल टीम का विशेष सम्मान भी किया जाएगा। व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुशील खुरबंदा और महामंत्री शिव शंकर सिंह ने शहर के व्यापारियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

## 7 साल के मासूम के साथ दो लड़कों ने किया कुकर्म, कुल्हाड़ी दिखाकर दी जान से मारने की धमकी

**पीड़ित की माँ की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया।**

**प्रयागराज।** गंगापार में एक शर्मनाक घटना सामने आई है। सोरांव क्षेत्र में रहने वाले एक सात साल के बच्चे से दो लड़कों ने कुकर्म किया। साथ ही कुल्हाड़ी व गड़ासा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी।

आरोपितों ने जब दूसरी बार बच्चे के साथ गलत काम किया तो गांव के एक युवक ने उसकी मां को बताया। तब बच्चे से पूछताछ हुई तो उसने घटना बताई। पीड़ित की मां की तहरीर पर सोरांव पुलिस ने दो नाबालिग लड़कों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए तलाश तेज कर दी है।

बताया गया है कि सोरांव थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाला एक व्यक्ति कचहरी में काम करता है। उसका सात साल का बेटा निजी स्कूल में दूसरी कक्षा का छात्र है। बच्चे की मां ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव के दो लड़के पांच दिन पहले उसके बेटे को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गए।

इसके बाद दोनों ने कुकर्म किया। बच्चे को कुल्हाड़ी व गड़ासा दिखाकर धमकाया कि इस बारे में किसी को बताने पर जान से मार दिया जाएगा। भयभीत बच्चे ने किसी को कुछ नहीं बताया।

इसका फायदा उठाकर आरोपितों ने फिर से बच्चे के साथ गलत काम किया। गांव के एक व्यक्ति से जानकारी मिलने पर मां और पिता ने पूछताछ की तो उसने पूरी घटना बयां कर दी। इंस्पेक्टर सोरांव केशव वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है।

## 6 वर्षीय बच्चे प्रतीक का अपहरण, कार सवार बदमाशों ने किया, पुलिस जांच में जुटी

**मांडा।** थाना क्षेत्र के सरांयकला गांव में ओम प्रकाश शर्मा के 6 वर्षीय बेटे प्रतीक का कार सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया। यह घटना दिघिया चौकी अंतर्गत हुई।



प्रतीक मेजा के अकोढ़ा स्थित गुलाब पत्ती स्कूल में एलकेजी का छात्र है। छुट्टी के बाद दोपहर लगभग 3 बजे स्कूल वैन उसे घर के सामने छोड़कर चली गई थी। प्रतीक के दादा नागेश्वर उसे लेने के लिए घर के बाहर पहुंचे ही थे कि उनकी आंखों के सामने कार सवार बदमाश प्रतीक को अपनी गाड़ी में बैठाकर ओनौर गांव की ओर फरार हो गए। प्रतीक के अपहरण की खबर सुनकर स्थानीय लोग हैरान रह गए। प्रतीक के पिता ओमप्रकाश मुंबई में एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। बेटे के अपहरण से मां आरती बदहवास हो गई हैं।

सूचना मिलते ही दिघिया चौकी प्रभारी विक्की गुप्ता और प्रभारी निरीक्षक मांडा अनिल वर्मा मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में एक सफेद रंग की कार जाते हुए दिखाई पड़ी है। मांडा पुलिस मामले की गहनता से जांच पपड़ताल में जुटी हुई है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम के समक्ष आया सरकारी भूमि में शिक्षिका के अवैध कब्जे का मामला

विकास खंड मेजा के मेड़रा गांव के प्रधान रामधारी बिंद ने डीएम मनीष वर्मा को दिया शिकायती पत्र,गांव की सरकारी नवीन परती भूमि को प्राइमरी स्कूल की शिक्षिका द्वारा अवैध कब्जा करने का लगाया आरोप, कहा साहब समय से स्कूल न जाने वाली शिक्षिका है गांव की राजनीति से प्रेरित,बच्चों का शिक्षण कार्य हो रहा है बाधित

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** भूमाफियाओं की सरगना एक सहायक अध्यापिका एवं उसके कथित गुर्गों द्वारा सरेआम गुंडई एवं दबंगई से ग्राम पंचायत की नवीन परती भूमि पर जहां अवैध तरीके से मकान निर्माण किए जाने का प्रकरण संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम के सामने आया है वहीं सरकारी चकमार्ग की भूमि पर भी पेड़ आदि लगाकर अवैध कब्जा किए जाने का भी मामला प्रकाश में आया है। शिकायत कर्ता ग्राम प्रधान रामधारी बिंद ने जिले के कलेक्टर से गांव की सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाने और भूमाफिया गिरोह की सरगना सहायक अध्यापिका तथा उसके गुर्गों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।

उल्लेखनीय है कि जिले के कलेक्टर मनीष वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित मेजा संपूर्ण समाधान दिवस में मेड़रा गांव के प्रधान रामधारी बिंद (कल्लू नेता) ने गांव के ही भूमाफियाओं की कथित सरगना एवं सहायक अध्यापिका शिवकुमारी पत्नी महावीर के शिकायती पत्र देते हुए लिखा है कि बीत लगभग दस वर्षों से मेड़रा गांव में ही स्थित प्राथमिक विद्यालय में सहायक शिक्षिका के पर तैनात है और गांव की सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने वाले भूमाफियाओं की सरगना है। इतना ही नहीं प्रधान ने शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाते हुए लिखा है कि गांव के पूर्व प्रधान द्वारा नवीन परती भूमि संख्या 78 में सड़क के किनारे बनाई गई पक्की नाली को क्षतिग्रस्त करते हुए और बची हुई भूमि पर भूमाफियाओं की सरगना शिक्षिका ने अपने कथित गुर्गों के सहयोग और गुंडई दबंगई से जबरन मकान बनाकर अवैध ढंग से जहां कब्जा कर लिया है वहीं गांव के सरकारी चक मार्ग संख्य 49 पर भी पेड़ आदि लगाकर विधि विरुद्ध अपना अधिपत्य जमा रखा है। संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम प्रयागराज को दिए गए शिकायती पत्र में प्रधान ने इस बात का भी जिक्र किया है कि विगत कई वर्षों से इस संबंध में लगातार शिकायत की जा रही है किंतु आज तक गांव की सरकारी भूमि से उक्त भूमाफिया सरगना शिक्षिका का न अवैध कब्जा हटवाया गया और न ही उसके तथा उसके गुर्गों के के विरुद्ध कार्यवाही की गई। गौरतलब है कि संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम मनीष वर्मा से वार्ता करते हुए प्रधान रामधारी बिंद ने बताया साहब स्थानीय राजस्व अधिकारियों द्वारा अवैध कब्जे के बाबत हुए बार बार आदेश के क्रम में उक्त सरगना पर स्थानीय पुलिस द्वारा एक्शन न लिए जाने की वजह से भूमाफिया गिरोह की सरगना के हौसले काफी बुलंद हो गए हैं जिसके कारण बीते दस वर्षों से गांव के ही प्राइमरी स्कूल में शिक्षण कार्य का दायित्व से जुड़ी होने के बावजूद भी वह गांव की राजनीति से प्रेरित है और समय से स्कूल भी नहीं जाती है और जाती भी है तो उसके लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है। ऐसे में निर्धारित समय से स्कूल पहुंचने वाले स्कूल के प्रधानाध्यक और अन्य शिक्षक इसका विरोध प्रकट करते हैं तो उन्हें भी उक्त भूमाफिया महिला शिक्षिका सरगना द्वारा इधर उधर की धमकियां दी जाती है जिससे उक्त लोग भी जहां विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटाते हैं वहीं पठन पाठन को स्कूल गए बच्चों का शिक्षण कार्य भी पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है।



मेजा संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों का निस्तारण करते डीएम मनीष वर्मा व अन्य अधिकारी गण

# बामपुर चेहरा में दो दिवसीय बालीवाल प्रतियोगिता का हुआ आगाज

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** स्थानीय बामपुर चेहरा के क्रीड़ा स्थल पर लहरी भैया फाउंडेशन के सौजन्य से स्व.पुष्पा शुक्ला की स्मृति में दो दिवसीय ओपेन वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू हुई। प्रतियोगिता के पहले दिन जनपद की कुल डेढ़ दर्जन टीमों ने प्रतिभाग कर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन(डीवीए),प्रयागराज के संरक्षक श्यामकांत शुक्ला ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच सरदार पटेल वॉलीबाल क्लब बरहा कलां और भास्कर वॉलीबाल क्लब महेवा कलां के बीच खेला गया। जिसमें सरदार पटेल वॉलीबाल क्लब बरहा कलां ने भास्कर वॉलीबाल क्लब महेवा कलां की टीम को 23 - 25, 25 - 21 व 25 - 14 अंकों से हराकर दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच जीत लिया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर मुख्य रूप से एसोसिएशन के महासचिव आर.पी.शुक्ला, कोषाध्यक्ष के.बी.एल.श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार सुभाष ओझा, वरिष्ठ खिलाड़ी प्रभाकर चौबे, अजय तिवारी, विनोद पांडेय व हरिदास आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें। प्रतियोगिता के खेले गए अन्य मैचों में वॉलीबाल क्लब मिश्रपुर ने स्पोर्टिंग क्लब नरोईया को 25 - 16 व 25 - 18 अंकों से, शिवाजी क्लब एडीए नैनी ने यूथ क्लब सिंदुरिया को 25 - 21 व 25 - 19 अंकों से, कृषि विश्वविद्यालय (सुआट्स) नैनी ने महावीर क्लब औराई को 25 - 23 व 25 - 19 अंकों से, वॉलीबाल क्लब पाली ने भास्कर वॉलीबाल क्लब महेवा कलां को 25 - 18 व 25 - 16 अंकों से, कंबाइंड वॉलीबाल क्लब बामपुर चेहरा ने ब्रदर्स क्लब बसकोप को 25 - 16 व 25 - 14 अंकों से, मंगला प्रसाद इंटर कॉलेज बामपुर ने यंग स्पोर्टिंग क्लब जरेला को 25 - 15 व 25 - 17 अंकों से, फ्रेंड्स क्लब में मेजा ने वॉलीबाल क्लब लालगंज को 25 - 21 व 25 - 19 अंकों से हराकर अगले चक्र मे प्रवेश किया। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव गणेश शंकर उर्फ बाबा गिरी ने प्रतियोगिता में पधारें समस्त अतिथियों का स्वागत किया। आज रविवार को प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रातः 10 बजे से देव स्पोर्ट्स एकेडमी, म्योहॉल स्पोर्ट्स हॉस्टल, पुलिस लाइन क्लब प्रयागराज, मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज, एन.वाई.एस.ऊंज, वॉलीबाल क्लब कमासिन आदि टीमों के बीच मुकाबला खेला जाएगा।




फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते समाजसेवी लहरी भईया

## महिला दिवस पर नगर निगम की महिला कर्मचारियों का होगा सम्मान

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर निगम कर्मचारी एसोसिएशन की ओर से सोमवार को नगर निगम की महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम नगर निगम मुख्यालय स्थित यूनियन भवन में दोपहर तीन बजे आयोजित होगा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि नगर निगम में कार्यरत वे महिला कर्मचारी, जो अपने कार्यों को पूरी लगन, निष्ठा और मेहनत से निभा रही हैं, उन्हें कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारी महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मान पत्र भी प्रदान करेंगे। नगर निगम कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहेंगे। साथ ही कार्यक्रम में शहर के पत्रकारों को भी आमंत्रित किया गया है।

## राष्ट्रीय प्रजापति स्वाभिमान मंच के नेतृत्व में प्रजापति समाज के लोगों का होली मिलन आज

**संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अधिवक्ता अवधेश प्रजापति ने कहा कि समारोह को रोचक और भव्य बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी**

**मेजा।** राष्ट्रीय प्रजापति स्वाभिमान मंच के तत्वावधान में रविवार 8 मार्च को मेजारोड पटेल मार्केट स्थित पटेल गेस्ट हाउस में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया है जिसके मुख्य अतिथि मेजा विधायक संदीप पटेल और विशिष्ट अतिथि तिंदवारी के पूर्व विधायक बृजेश प्रजापति एवं प्रयागराज हाई कोर्ट के शासकीय अधिवक्ता प्रजापति सुरेश कुमार वर्मा होंगे।

उक्त आशय की जानकारी राष्ट्रीय प्रजापति स्वाभिमान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अधिवक्ता अवधेश प्रजापति और संगठन मंत्री राकेश प्रजापति ने दी। उन्होंने कहा कि इस प्रेम और सौहार्द के आयोजन में पूरे भारत में सक्रिय राष्ट्रीय प्रजापति स्वाभिमान मंच संगठन से जुड़े प्रजापति समाज के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आगमन होगा जिसमें प्रजापति समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और आपसी प्रेम समरसता के साथ उन्हें एक सूत्र में बांधने का ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि समारोह को भव्य और रोचक बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। श्री प्रजापति के अनुसार उक्त होली मिलन समारोह का शुभारंभ उक्त निर्धारित तिथि पर सुबह साढ़े दस बजे से किया जाएगा जिसमें कई राज्यों के प्रजापति समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रहेगी। उन्होंने इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों से अधिक अधिक संख्या में पहुंचने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया है।



राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश प्रजापति

## प्रयागराज लखनऊ राजमार्ग पर ब्रेजा कार रेलिंग तोड़कर नीचे लटकी, बाल बाल बचे सवार

**प्रयागराज।** प्रयागराज–लखनऊ राजमार्ग पर शनिवार सुबह फाफामऊ में बड़ा हादसा होने से बच गया। एक ब्रेजा कार अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़कर डिवाइडर के पास जाकर लटक गई। नीचे गहरा खड्ढ था। संयोग ही रहा कि इसमें सवार लोग सुरक्षित रहे। जिस तरह से हादसा हुआ उसे देखकर मार्ग पर जा रहे अन्य वाहन सवारों के साथ राहगीरों की सांसें कुछ देर के लिए अटक गई थी। हुआ यूं कि प्रतापगढ़ से शहर की ओर जा रही ब्रेजा कार जैसे ही फाफामऊ गांव के सामने पहुंची, सामने से अचानक एक साइकिल सवार आ गया। बताते हैं कि साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में ब्रेजा कार चालक इसरार अहमद ने अचानक ब्रेक मारा। हालांकि कार नहीं रुकी और रेलिंग तोड़ते हुए डिवाइडर के पास जाकर अटक गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों के साथ ही राहगीर बचाव के लिए दौड़े और कार में फंसे चालक और पीछे बैठे इरफान को सकुशल बाहर निकाला। उन्हें चोटें नहीं आई।

## 48 साल पुराने मामले में उम्रकैद की सजा रद्द

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने थाना मुसाफिर खाना, सुल्तानपुर में 48 साल पहले पूर्व सैनिक की हत्या आरोपी गुरू प्रसाद की उम्रकैद की सजा रद कर दी है।सत्र अदालत ने हत्या मैं शामिल होने का दोषी माना सजा सुनाई थी।

हाईकोर्ट ने कहा अभियोजन अपीलार्थी के विरुद्ध आरोप साबित करने में नाकाम रहा। उसके हाथ में लाठी थी, हत्या सह अभियुक्त की बंदूक की गोली से हुई थी। जिसमें इसकी भूमिका नहीं थी। 1981 को सत्र अदालत ने दी थी उम्रकैद कोर्ट ने 18 मार्च 81 को सत्र अदालत द्वारा सुनाई गई उम्रकैद की सजा रद कर दी।और जमानत बंधपत्र निरस्त कर दिया।

यह फैसला न्यायमूर्ति सी डी सिंह तथा न्यायमूर्ति देवेन्द्र सिंह की खंडपीठ ने राम हृदय,शिवराम व गुरू प्रसाद की अपीलों की सुनवाई करते हुए दिया।दो आरोपितों की मौत होने से अपील अवेट हो चुकी थी। मुख्य न्यायाधीश के आदेश पर लखनऊ खंडपीठ से अपील इलाहाबाद हाईकोर्ट प्रधान पीठ निस्तारण के लिए नामित की गई थी।

**लखनऊ मिलिट्री अस्पताल में हुई थी मौत**

मालूम हो कि भगवती सेवक पांच भाई हैं। उन्होंने अपने भाई पर जानलेवा हमला करने की एफआईआर दर्ज कराई। आरोप लगाया कि वह भाइयों के साथ बैठा था, पट्टीदार आरोपी व अन्य ने असलहे व लाठी लेकर घेर लिया। मुख्य आरोपी ने फायर कर दिया। जिसमें त्रिभुवन दत्त को गोली लगी।यह दुश्मनी के कारण हुआ। घटना 1978की है। घायल को अस्पताल ले जाया गया।बाद में लखनऊ मिलिट्री अस्पताल भेजा गया। इलाज के दौरान मौत हो गई।डाक्टरी रिपोर्ट में मौत का कारण सेप्टीसीमिया बताया गया।मृतक की आयु 35साल की थी। पुलिस ने चार्जशीट दी।सत्र अदालत ने सजा सुनाई थी।जिसे अपील में चुनौती दी गई थी।

## सिपाही ने नए पुल से यमुना में लगाई छलांग, गोताखोरों ने बचाई जान, मुट्ठीगंज थाने में है तैनात

**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज में तैनात सिपाही कौशल द्विवेदी ने शनिवार को नए यमुना पुल से छलांग लगा दी। घाट पर मौजूद रही जल पुलिस के गोताखोरों ने सिपाही को बचा लिया। इलाज के लिए सिपाही को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिवारिक कलह के चलते सिपाही ने आत्महत्या की कोशिश किया है। मूलरूप के महोबा जिले का निवासी सिपाही अपनी पत्नी, मां और भाई के साथ किराए के कमरा लेकर रहता है। मौके पर पहुंची पुलिस ने अन्य बिंदुओं पर छानबीन शुरू की है।

# नैनी में आईसीसी टी 20 वल्ड कप फाइनल मैच के लिए जीत की प्रार्थना

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में आईसीसी टी 20 वल्ड कप फाइनल मैच में भारतीय टीम की जीत के लिए नैनी स्थित सिद्ध पीठ माधव मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना और हवन किया गया। सामाजिक कताओं ने भारतीय टीम की विजय श्री के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। यह पूजा-अर्चना कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में संपन्न हुई। इसमें दर्जनों सामाजिक

कार्यकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने एकजुट होकर भारतीय टीम की जीत की कामना की। सभी ने मिलकर बल्ले की पूजा की और उस पर तिलक लगाकर पुष्प अर्पित किया। पूजा और हवन वरिष्ठ विद्वान आचारर्य कमलाकांत वेणी माधव मंदिर अरैल के महंत दामोदर तिवारी के साथ अन्य विद्वान पंडितों द्वारा विधि-विधान से संपन्न कराया गया। इस पूजन में आस पास के लोग भी शामिल हुए और



भारतीय खिलाड़ियों के लिए भगवान श्री वेणी माधव जी से प्रारथना की। वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव ने कहा कि जिस तरह से अभी तक हमारे भारतीय खिलाड़ियों ने अपना जौहर दिखाते हुए विजय श्री हासिल किया है ठीक उसी तरह से फाइलनल मैच में भी भारतीय टीम सफलता हासिल कर अपने देश का नाम रोशन करे। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव, कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव, सरदार पतिविदर सिंह, पलक राय, माधुरी मधुमिता राय, आनंद कुशवाहा, बाबूजी यादव, सुधीर प्रजापति, गौरव अवस्थी और गुलाब कुशवाहा सहित कई अन्य प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में चकबन्दी अधिकारी सदर प्रथम न्यायालय का किया उद्घाटन

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** जनपद में चकबन्दी से संबंधित कार्यों को अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित शासकीय भवन में चकबन्दी अधिकारी सदर प्रथम के कार्यालयध्न्यायालय का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया और इसे संचालित करा दिया। उद्घाटन के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि निजी भवनों में संचालित कार्यालयों के स्थान पर शासकीय भवनों में कार्यालय स्थापित होने से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और सुगमता बढ़ेगी। इससे चकबन्दी से संबंधित मामलों के निस्तारण में तेजी आएगी तथा किसानों और आम जनता को एक ही परिसर में बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चकबन्दी से जुड़े मामलों का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यालय संचालित होने से ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले किसानों को भी न्यायालय और प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंचने में सुविधा होगी। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी अरविन्द द्विवेदी सहित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## नई बस्ती में घुसे हमलावरों को ग्रामीणों ने पकड़ा, पेड़ से बांधकर की पिटाई

● हत्या की नीयत से आए थे बदमाश, एक बाइक और असलहा बरामद होने का दावा



**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के लाला बाजार के पास स्थित नई बस्ती में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब दो बाइक पर सवार छह युवक एक घर में घुसकर एक युवक को तलाशने लगे। ग्रामीणों ने हमलावरों को दौड़ा लिया, जिसमें दो युवकों को पकड़ लिया गया जबकि चार मौके से फरार हो गए। पकड़े गए दोनों युवकों को ग्रामीणों ने पेड़ से बांधकर जमकर पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को थाने ले गई और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नई बस्ती निवासी गुड्डू हरिजन के बेटे का किसी युवक से फोन पर गाली-गलौज हो गया था। इसी बात को लेकर शनिवार सुबह आरोपी युवक अपने पांच साथियों के साथ दो बाइक से गुड्डू हरिजन के घर पहुंच गया। आरोप है कि सभी घर में घुसकर उसके बेटे को तलाशने लगे और धमकी देने लगे। परिजनों के शोर मचाने पर बस्ती के लोग लाठी-डंडा लेकर मौके पर पहुंच गए और हमलावरों को दौड़ा लिया। भीड़ को आता देख चार युवक भाग निकले, जबकि दो को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। इस दौरान एक बाइक भी मौके पर छूट गई। ग्रामीणों ने पकड़े गए दोनों युवकों को रस्सी से पेड़ में बांध दिया और उनकी पिटाई कर दी। घटना की सूचना ग्रामीणों ने डायल 112 और आसपुर देवसरा पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाकर थाने ले गई। ग्रामीणों का दावा है कि आरोपियों के पास से असलहा भी बरामद हुआ है। हालांकि क्षेत्र में चर्चा है कि दो असलहे मिले थे, जिनमें से एक असलहा पकड़ने वाले लोगों ने अपने पास रख लिया। वहीं दोनों युवकों को पेड़ से बांधकर पीटने का वीडियो शनिवार सुबह से सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## पेट्रोल पम्पों पर बॉटल-जरकिन में खुला पेट्रोल बिक्री पर पूर्ण रोक : जिला पूर्ति अधिकारी





**प्रतापगढ़।** जनपद में अब पेट्रोल पम्पों से बॉटल या जरकिन में खुला पेट्रोल बेचना पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने बताया कि शासन स्तर से 06 मार्च 2026 को प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद के सभी पेट्रोल पम्प संचालकों को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है कि किसी भी व्यक्ति या ग्राहक को पेट्रोल पम्प से बॉटल या जरकिन में पेट्रोल की बिक्री किसी भी परिस्थिति में न की जाए। इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय से सभी पेट्रोल पम्प संचालकों को आदेश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश के अनुपालन की जांच के लिए उसी दिन खाद्य एवं रसद विभाग की टीम द्वारा जिले की सीमा में स्थित कई पेट्रोल पम्पों का औचक निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान पम्प संचालकों और प्रबंधकों को मौके पर ही स्पष्ट निर्देश दिया गया कि पेट्रोल पम्प से किसी भी ग्राहक को बोतल या जरकिन में पेट्रोल की बिक्री नहीं की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने जनपद के नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने वाहनों में ही नियमानुसार पेट्रोल भरवाएं और खुले में पेट्रोल की खरीद न करें। साथ ही प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के पालन में सहयोग प्रदान करें।

## नहर में बहता दिखा अज्ञात युवक का शव



**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र से गुजर रही शारदा सहायक खंड-36 राजापुर रजबहा नहर में शनिवार को एक अज्ञात युवक का शव बहता हुआ दिखाई देने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पहलमापुर गांव के पास नहर में बहते शव को देखकर स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सीओ पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी और कोतवाल आनंदपाल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से नहर से शव को बाहर निकलवाया। युवक की पहचान कराने के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में पुलिस आसपास के थानों से गुमशुदगी की जानकारी जुटाने के साथ ही घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## नहर में डूबीं बच्चियों के परिजनों से मिलकर सांसद ने बधाया ढांढस

अखंड भारत संदेश



**कुंडा।** विकासखंड बाबागंज क्षेत्र अंतर्गत खनवारी ग्राम पंचायत के डंडिया गांव में गुरुवार को दोपहर रामनरेश की बेटी आचल 15 वर्षएरिया 13 वर्षएएवं पड़ोसी अनिल की बेटी मोहिनी 13 वर्ष ए सतीश पुत्र हरिकृष्ण यादव 16 के साथ होली खेलने के उपरांत गांव के समीप गुजरी प्रयागराज जल शाखा में नहाने चले गएए तीनों बच्चियां गहरे पानी में डूबने लगे विकलांग सतीश ने बचाने का प्रयास किया लेकिन बचा नहीं सकाए घटना की जानकारी पर शव खोजबीन शुरू कर दिया गया लेकिन मिला नहीं। शनिवार को लरू गांव एवं कनांवा गांव के समीप नहर में शव बहता मिलाए थाना अध्यक्ष मनोज कुमार तोमर ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी पर शनिवार को दोपहर एक बजे कौशांबी सांसद पुष्पेंद्र सरोज पीड़ित परिवार से मिलकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए पार्टी से सहयोग राशि दिलाने का आश्वासन दिया। उपजिलाधिकारी कुंडा वाचस्पति को टेलीफोन कर पीड़ित परिवार के कच्चे घर की जानकारी देते हुए आवास दिलवाने को कहा। गांव वालों ने बताया कि नहर के बगल बैरिकेटिंग करवाईं जाएंए जिस पर सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने बैरिकेटिंग करवाने का भरोसा दियाए तदुपरांत जीतेंद्र पटेल के घर जाकर औपचारिक मुलाकात किए। उपजिला अधिकारी कुंडा वाचस्पति से वार्ता करने पर बताया गया कि प्रत्येक मृत्यु पर देवी आपदा सहायता कोष से चार चार लाख रूपए दिलवाने के लिए गांव के लेखपाल निधि तिवारी को कोरम पूरा करने का आदेश दिया गया है।

## आत्म विश्वास से परिपूर्ण करता है विशेष शिविर : प्रो अखिलेश पाण्डेय

अखंड भारत संदेश





**पट्टी।** विद्यार्थियों में पठन-पाठन के साथ व्यक्तित्व का विकास होना भी एक आवश्यक कार्य है राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर समूह में रहकर के कार्य करने की कला का विकास करता है। अकेले कार्य करने से व्यक्ति घबराता है किन्तु जब समूह के साथ कार्य करता है वो कार्य गुणवत्ता के साथ होता है और कम समय में कार्य सम्पन्न हो जाता है। आज विद्यार्थियों में आत्म विश्वास पैदा करने की आवश्यकता है जैसे उनमें नेतृत्व की क्षमता का विकास हो, जैसे मंच से बोलने की कला का विकास हो, जैसे स्वयं को समाज से जोड़ कर कार्य करने की क्षमता का विकास हो, यह कार्य विशेष शिविर के माध्यम से संभव हो पाता है। उक्त बाते स्नातकोत्तर महाविद्यालय पट्टी की राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन के अभिमुखीकरण कार्यक्रम में बोलते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रो अखिलेश कुमार पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कही प्राचार्य ने आगे कहा कि आज तकनीक का युग है और मानव यदि जागरूक नहीं रहेगा तो व्यक्ति का स्थान मशीने ले लेंगी और व्यक्ति पीछे हो जाएगा। जीवन में समस्याएं बहुत है अगर युवा विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार बनता है और उसे समाज राष्ट्र की चिंता होगी, वह व्यक्तिगत हित से हट कर राष्ट्र हित को सर्वोपरि मानेगा तो समस्याओं का समाधान होगा और राष्ट्र आगे बढ़ेगा। अभिमुखीकरण कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य के द्वारा मां सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद जी के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया सरस्वती वंदना लक्ष्मी गुप्ता, स्वागत गीत रिचा मिश्रा तथा शिवानी प्रजापति के द्वारा प्रस्तुत किया गया। अभिमुखीकरण कार्यक्रम में डॉ कौशलेंद्र पांडे , डॉ सुनील मिश्र तथा ओम प्रकाश पांडेय ने भी अपना विचार रखा। प्रो आर वी अग्रहरि, डॉ देवेन्द्र पाण्डेय तथा छै के शिविरार्थी कृष्णा मौर्या, आंशिक सिंह, दीक्षा शर्मा,बर्षन मंडल आदि उपस्थित रहे। संचालन श्रद्धा शुक्ला तथा आभार ज्ञापन डॉ रागनी सोनकर ने किया राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। उक्त जानकारी महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार मिश्र ने दी है।

## मारपीट व धमकी को लेकर पीड़ित ने दी तहरीर

**लालगंज।** मारपीट व धमकी की घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के कैथौला निवासी शेर बहादुर सिंह पुत्र स्व0 संतबक्श सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पांच मार्च को दोपहर करीब दो बजे गांव के कुछ लोगों ने रंजिशन गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित व उसके भाई को पत्थर फेंक कर मारा। जिससे पीड़ित चुटहिल हो गया। जमीन के विवाद को लेकर आरोपियो ने जानलेवा धमकी भी दी। पीडित का यह भी आरोप है कि आरोपीगण पूर्व में भी धमकी दे चुकें हैं। इससे पीड़ित व उसके परिवार लोग डरे सहमे हैं। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।



### पीड़ित परिवार के घर पहुंचे राजा भैया, दी आर्थिक सहायता

**कुंडा।** बाबागंज विधानसभा क्षेत्र संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के डंडिया खनवारी गांव में नहर में डूबकर तीन मासूम बच्चियों की मौत के बाद शनिवार को जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुंडा विधायक राजा भैया पीड़ित परिवारों के घर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया। बताते चले की गुरुवार को होली के दिन डंडिया गांव निवासी रामनरेश पटेल की बेटियां रिया व आंचल तथा अनिल पटेल की पुत्री मोहिनी रंग छुड़ाने के लिए पास से गुजर रही इलाहाबाद जलशाखा नहर में गई थींए जहां डूबने से तीनों की दर्दनाक मौत हो गई थी। राजा भैया ने इस दुखद घटना पर शोक जताते हुए पार्टी कोष से आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने रामनरेश पटेल की पत्नी को 2 लाख रुपये तथा अनिल पटेल की पत्नी को 1 लाख रुपये का चेक दिया। साथ ही शासन से रामनरेश पटेल को 8 लाख और अनिल पटेल को 4 लाख रुपये की सहायता दिलाने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान गांव में शोक का माहौल बना रहा। इस अवसर पर बाबागंज विधायक विनोद सरोज जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेलए प्रतिनिधि हरिओम शंकर श्रीवास्तव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर यादव, प्रमुख बिहार रामचन्द्र सरोज, बाबागंज रामयश सरोज, जिला पंचायत सदस्य बब्लू सिंह, हीरागंज व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद यादव, बब्लू पांडेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### विकसित भारत का उददेश्य शांतिपूर्ण विकास एवं सम्प्रभुता की सुरक्षा : प्रो0 राजकुमार





**प्रतापगढ़।** स्थानीय हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में शनिवार को सप्तदिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समारोहपूर्वक शुभारंभ हुआ। पूर्व प्राचार्य प्रो0 डॉ0 राजकुमार पाण्डेय व प्राचार्य डॉ0 ऋचासुकुमार एवं एसडीओ दूरसंचार इं. जितेन्द्र त्रिपाठी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन किया। शिविरार्थी छात्रा आकांक्षा व चांदनी ने सरस्वती वंदना, स्वागत गान तथा देशगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र ने प्रारम्भ में शिविर के उददेश्य पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ0 राजकुमार पाण्डेय ने कहा कि विकसित भारत का उददेश्य बहुमुखी विकास के साथ दुनिया को भारत के शांति दर्शन की मजबूती व राष्ट्रीय सम्प्रभुता की सुरक्षा है। उन्होने कहा कि एनएसएस का उददेश्य अनुशासन के साथ चरित्र निर्माण व विविध सामाजिक एवं राष्ट्रीय उत्तरदायित्व के प्रति सजगता है। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने युवा शक्ति की सफलताओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसडीओ दूरसंचार इं. जितेन्द्र त्रिपाठी ने युवाओं से लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आहवान किया। संचालन डॉ0 गंगाधर मिश्र ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के साथ शिविरार्थियों को उड़ीसा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सेमिनार में प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रमाण पत्र भी अतिथियों ने प्रदान किया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉ0 ऋचासुकुमार ने किया। इस मौके पर डॉ0 वाचस्पति मिश्र, डॉ0 श्याम नारायण त्रिपाठी, डॉ0 संतोष मिश्र, डॉ0 ऐश्वर्य तिवारी, डॉ0 सियाराम मौर्य, डॉ0 ओमप्रकाश पाण्डेय, डॉ0 प्रियंका शुक्ला, डॉ0 आयुषी शुक्ला आदि रहे।

### समाधान दिवस में चैरान्नवे शिकायतों में सात का हुआ निस्तारण



**प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में चैरान्नवे शिकायतों में अफसरो ने सात का निस्तारण कराया। लालगंज तहसील सभागार में हुए समाधान दिवस में एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व सीओ आशुतोष मिश्र ने संयुक्त रूप से शिकायतों की सुनवाई की। समाधान दिवस में मण्डलायुक्त व पुलिस महानिरीक्षक के आने की सूचना पर अफसरो मे हडकंप मच गया। हालांकि कुछ देर बाद अफसरो के अन्यत्र जिले प्रस्थान करने की सूचना पर समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को राहत में देखा गया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग की अटठावन, पुलिस इक्कीस, विकास छः, बेसिक शिक्षा एक, विद्युत पांच, आपूर्ति तीन की रहीं। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के लिए मौके पर पहुंचने के लिए कहा। उन्होने लंबित शिकायतो के निस्तारण में लापरवाह अधिकारियों की सूची डीएम को भेजवाये जाने के भी निर्देश दिये। इस मौके पर तहसीलदार गरिमा वर्मा, प्रभारी निरीक्षक लालगंज आलोक कुमार, एसडीओ विद्युत आशुतोष कुमार, नायब तहसीलदार वीरेन्द्र मिश्र, लीलापुर प्रभारी निरीक्षक आदित्य सिंह, पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ला, वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र, अधीक्षक डा0 अरविन्द गुप्ता, ईओ इन्द्र प्रताप, खण्ड विकास अधिकारी मानवेंद्र शर्मा आदि रहे।

### राजकीय आईटीआई परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन 09 एवं 10 मार्च को

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ द्वारा युवाओं को निजी क्षेत्र में अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजकीय आईटीआई कटरा रोड प्रतापगढ़ परिसर में दिनांक 09 एवं 10 मार्च 2026 को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में देश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों एवं कंसल्टेंसी संस्थाओं द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। इस दो दिवसीय रोजगार मेले में लगभग 49 प्रतिष्ठित कंपनियाँ एवं नियोजक प्रतिभाग करेंगे, जिनके माध्यम से लगभग 2500 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। रोजगार मेले में ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, प्रोडक्शन ट्रेनी, कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव, सेल्स एग्जीक्यूटिव, पिकरध्पैकर, सिक्योरिटी गार्ड, किचन हेल्पर, माइक्रो लोन ऑफिसर, टेक्नीशियन, टेलीसेल्स एग्जीक्यूटिव आदि विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इस रोजगार मेले में 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर योग्यता वाले अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, उत्तराखंड, पंजाब, महाराष्ट्र एवं दिल्ली-एनसीआर आदि स्थानों पर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। जिला सेवायोजन अधिकारी ने जनपद के सभी इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे अपने बायोडाटा, शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति तथा आधार कार्ड के साथ रोजगार मेले में उपस्थित होकर इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्य नहीं है। कार्यक्रम स्थल पर ऑफलाइन पंजीयन काउंटर की व्यवस्था है। यह वृहद रोजगार मेला जनपद के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।

### मासूम के अपहरण का आरोपी भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** मासूम के अपहरण व पास्को एक्ट के मुकदमें में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के उप निरीक्षक बनवारी लाल पाल पुलिस फोर्स के साथ सुबह गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर गोसांई का पुरवा अमावां निवासी अपहरण व पास्को एक्ट के मुकदमें में वांछित विकास पटेल उर्फ अमन पुत्र हरिकेश कुमार को महिमापुर नहर के पास से गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### प्रधान पर अनियमितता का आरोप, शिकायत

**प्रतापगढ़।** मनरेगा के पैसे में अनियमितता को लेकर प्रधान के खिलाफ शिकायत की गयी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के नसीरपुर निवासी राहुल सिंह पुत्र ओमप्रकाश ने एसडीएम को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि प्रधान द्वारा मनरेगा में अपात्र व्यक्तियों के नाम से जॉब कार्ड बनवाकर अनियमितता बरती जा रही है। पीड़ित ने मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने बीडीओ सांगीपुर को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

## विद्यालय मे वार्षिकोत्सव एवं मूर्ति अनावरण कार्यक्रम आयोजन

अखंड भारत संदेश





**कुंडा।** विकासखंड बाबागंज के नरियावां स्थित गोकुल प्रसाद पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं संस्थापक स्वण गोकुल प्रसाद की प्रतिमा के अनावरण का कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद संस्थापक की प्रतिमा का अनावरण किया गया और उनके योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों ने संस्कृत कार्यक्रम देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों पर समूह नृत्य, एकल नृत्य तथा देश रंगीला गीत पर आकर्षक प्रस्तुति दी। इसके अलावा बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटक ने भी खूब तालियां बटोरी। दर्शकों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रबंधक शिव प्रसाद यादव ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा को निखारने का मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ.साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य बबलू शुक्लाए ग्राम प्रधान प्रेम शंकर यादवए राजू यादवए विजय यादवए निलेश मिश्राए पारस ओझाए गिरीश विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षकए अभिभावक और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



## सीडीओ ने कार्यक्रम के आयोजन हेतु अधिकारियों के साथ की बैठक

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने विकास भवन सभागार में 08 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रोस्टरवार कार्यक्रम आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक कर महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा आदि से सम्बन्धित विकास खण्डध्ग्राम पंचायत व अन्य स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिये गये। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के परियोजना कार्यालयों, विकास खण्डों के 16 ग्राम पंचायतों तथा ब्लाक मानधाता के ग्रामसभा अमिलहा में कार्यक्रम आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद, डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का हुआ स्वागत

अखंड भारत संदेश



**पट्टी।** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अपने बनारस स्थित गीता मठ से लखनऊ के लिए जाते समय ढकवा बाजार में करीब 20 मिनट तक रुके। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम जनता का अभिवादन स्वीकार किया। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार को 40 दिन का समय उनके द्वारा दिया गया था उसमें 37 दिन बीत चुके हैं। तीन दिन और बचे हुए हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि गाय चाहे प्रदेश की हो या देश की उसे माता के रूप में दर्जा प्राप्त होना चाहिए। पूरे देश के सनातनी गौ माता को माता का दर्जा दिलवाने के लिए उनके साथ खड़े हैं। इस अभियान को उन्होंने धर्म युद्ध बताया। कहा कि जब युद्ध होता है तो एक रेखा बीच में खींच दी जाती है और यहां भी एक रेखा खींच दी गई है। देखना होगा कि कौन-कौन सरकार गौ माता साथ खड़ी है। जब उनसे कालनेमि कहे जाने पर सवाल किया गया तो उन्होंने बताया की जिसकी कथनी व करनी में अंतर होता है वही कालनेमि होता है। जब से गेरुआ वस्त्र धारी जो अपने को योगी कहते हैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं तब से 16000 करोड़ पशुओं के मांस को बेचा जा चुका है। गाय और भैंस को काटकर उनके मांस को मिला दिया जाता है। जिसे बीफ कहा जाता है। उन्होंने मांस तस्करी को बंद किए जाने की मांग उठाई। यूजीसी कानून पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग मंच से खड़े होकर कहते थे कि कटोगे तो बंटोगे आज वही समाज को बांटने के लिए यह कानून लाए हैं। उन्होंने पूरे देश के सनातनी को गौ माता के पक्ष में खड़े होने की का आवाहन किया।

# तेजगति कंटेनर ने डिग्री कॉलेज के डायरेक्टर को रौंदा, मौत

अखंड भारत संदेश

**डिग्री कॉलेज के डायरेक्टर की स्कॉर्पियो खड़े ट्रक से टकराई, एयरबैग खुलने से बच गई थी जान, इकलौते पुत्र के मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में मचा कोहराम**



**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के कासिया पश्चिम गांव के पास शुक्रवार की आधी रात को स्कार्पियो सवार डिग्री कॉलेज के डायरेक्टर की सड़क हादसे में ददर्नाक मौत हो गई है दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना मिलते ही रोते बिलखते घर परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने डिग्री कॉलेज के डायरेक्टर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा कस्बा के भीतर के रामादेवी शिवमंगल प्रसाद डिग्री कॉलेज के डायरेक्टर अभय कुमार उर्फ ईशू महराज उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्र अजय कुमार त्रिपाठी शुक्रवार की आधी रात को कोखराज के पेट्रोल पंप पर मौजूद थे और वहां से निकलने के बाद स्कॉर्पियो से कोखराज थाना के जयसवाल ढाबा जा रहे थे कोखराज थाना क्षेत्र के काशिया पश्चिम गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर उनकी स्कॉर्पियो गाड़ी आगे खड़े ट्रक से जोरदार टक्कर के साथ भिड़ गई है लेकिन स्कॉर्पियो का एयरबैग खुल जाने से इस दुर्घटना में डिग्री कॉलेज के डायरेक्टर बच गए उन्हें चोट नहीं लगी डायरेक्टर स्कॉर्पियो गाड़ी से नीचे उतरे अपने साथियों और पुलिस को फोन किया मौके पर पुलिस और उनके साथी पहुंच गए उसके बाद स्कॉर्पियो में रखें अपने पिस्टल वा जरूरी कागजात के बैग को लेने वह जा रहे थे इसी बीच कानपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कंटेनर में डिग्री कॉलेज के डायरेक्टर को रौंद दिया है दुर्घटना की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग आधी रात को नींद से जाग कर और घर से सड़क पर निकल आए दुर्घटना देखकर राहगीर और स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही घटनास्थल पर थाना पुलिस पहुंची है और मामले की सूचना मृतक के परिवार को देने के बाद युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की जानकारी मिलते ही घर परिवार के लोग भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए हैं मौके पर कोहराम मचा हुआ है।

## कंटेनर चालक ने स्कूटी चालक को रौंदा, मौके पर हुई मौत

### डिवाइडर से टकराकर कंटेनर चालक भी हुआ घायल



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के अटसराय गांव के सामने हाइवे पुल पर आज शनिवार सुबह कंटेनर चालक ने स्कूटी सवार को रौंद दिया जिससे स्कूटी सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटनाक्रम के मुताबिक कंटेनर चालक सोमनाथ पुत्र वेद प्रकाश निवासी हरियाणा प्रयागराज की तरफ से फतेहपुर की ओर जा रहा था सैनी कोतवाली के अटसराय गांव के सामने हाइवे पुल पर कंटेनर अनियंत्रित होकर हाइवे के दूसरी लेन फतेहपुर से प्रयागराज वाले मार्ग पर डिवाइडर से भिड़ कर चलने लगा इसी दरम्यान फतेहपुर की तरफ से आया स्कूटी चालक कंटेनर की चपेट में आ गया स्कूटी कंटेनर के पिछले चक्के में फंस गई और युवक की ददर्नाक मौत हो गई स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल कंटेनर चालक को एंबुलेंस के माध्यम से सिराथू अस्पताल भेज कर शव की शिनाख्त में जुट गई कुछ देर बाद शोभराज सिंह निवासी फतेहपुर ने मृत स्कूटी चालक को अपने भांजा अर्जुन सिंह उम्र लगभग 29 वर्ष पुत्र सुरेश सिंह निवासी फतेहपुर के रूप में पहचान की है ,घायल कंटेनर चालक सोमनाथ को सिराथू सीएचसी के डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रिफर किया वहीं मृतक अर्जुन सिंह के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज कर परिजनों की तहरीर पर कंटेनर चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई में जुट गई है।

## महिला की सड़क दुर्घटना में हुई मौत



**कौशांबी।** प्रयागराज जनपद के थाना पुरामुफ्ती अंतर्गत बमरौली पुलिस चौकी स्थित शुद्ध डेयरी के सामने शुक्रवार 6 मार्च सुबह एक महिला टेंपो से गिरकर घायल हो गई थी महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था इलाज के दौरान महिला की मृत्यु हो गया है। चौकी इंचार्ज बमरौली संजीव चौधरी ने बताया कि महिला की शिनाख्त गुड़िया देवी पत्नी गुड्डू निवासी गढ़ी सराय थाना खुल्दाबाद जनपद प्रयागराज के रूप में हुई है महिला के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।

# अधिशासी अधिकारी चरवा की अकूत संपत्तियों की प्रवर्तन निदेशालय से जांच कराए जाने की मांग

अखंड भारत संदेश



**अधिशासी अधिकारी चरवा सुभाष चंद्र सिंह ने मध्य प्रदेश आरटीओ के सिपाही सौरभ शर्मा के भ्रष्टाचार को भी छोड़ दिया है पीछे**

**सौरभ शर्मा के यहां प्रवर्तन निदेशालय के छापा में 52 किलो सोना 234 किलो चांदी एसयूवी लग्जरी कर 11 करोड़ नगद डेढ़ सौ करोड़ की दुबई में कोठी सैकड़ो एकड़ जमीन 500 करोड रुपए की अन्य संपत्तियां बरामद हुई थी**

**कौशांबी।** नगर पंचायत चरवा में अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह का भ्रष्टाचार चरम पर व्याप्त है भाई भतीजे को सरकारी कार्यों के ठेका देकर के बड़े भ्रष्टाचार किया जा रहे हैं मामले का खुलासा जिला अधिकारी की जांच के बाद हो चुका है जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी चरवा सुभाष चंद्र सिंह को निलंबित किए जाने की सिफारिश 9 महीने पहले निदेशक नगर निकाय से की थी लेकिन डीएम की सिफारिश के बाद इनका निलंबन तो दूर बल्कि बख्शीश में एक अन्य नगर पंचायत सराय अकिल का अतिरिक्त प्रभार दे दिया गया है नगर पंचायत चरवा के अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह मध्य प्रदेश के यातायात पुलिस के मामूली आरटीओ कांस्टेबल सौरभ शर्मा से कम भ्रष्टाचारी नहीं दिखाई पड़ रहे हैं मध्य प्रदेश के यातायात सिपाही सौरभ शर्मा के यहां प्रवर्तन निदेशालय के छापा में 52 किलो सोना 234 किलो चांदी एसयूवी लग्जरी कर 11 करोड़ नगद डेढ़ सौ करोड़ की दुबई में कोठी सैकड़ो एकड़ जमीन 500 करोड रुपए की अन्य संपत्तियां बरामद हुई थी नगर पंचायत चरवा के अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह के ठिकानों पर यदि प्रवर्तन निदेशालय ने छापामार कार्यवाही की तो मध्य प्रदेश का भ्रष्टाचारी सिपाही सौरभ शर्मा भी पीछे छूट सकता है। विकासखंड चायल के पूर्व ब्लाक प्रमुख इंजीनियर सोनू कुमार ने लोकायुक्त उत्तर प्रदेश लखनऊ को पत्र भेजकर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत चरवा सुभाष चंद्र सिंह के भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए आय से अधिक संपत्ति के मामले में इनकी अकूत संपत्तियों की जांच कराए जाने की मांग की है पूर्व ब्लाक प्रमुख सोनू कुमार ने नगर पंचायत चरवा के अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा है कि इन्होंने पद का दुरुपयोग करते हुए आय से अधिक बेनामी अकूत संपत्ति अर्जित की है सुभाष चंद्र सिंह अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत चरवा द्वारा अर्जित की गई अकूत संपत्ति पत्नी रिश्तेदार भाई भतीजे वा खुद की बेनामी संपत्तियों की प्रवर्तन निदेशालय से जांच कराए जाने की मांग पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने शुरू कर दी है यदि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत चरवा सुभाष चंद्र सिंह की अकूत संपत्तियों की जांच प्रवर्तन निदेशालय ने कराई तो मध्य प्रदेश के आरटीओ विभाग के मामूली से सिपाही सौरभ शर्मा की संपत्तियों से कम उनकी संपत्तियां मिलने की उम्मीद नहीं जताई जाती है।

## भैंस चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा किया पुलिस के हवाले किया

**हररायपुर कौशांबी।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में भैंस चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर भैंस चोर गिरोह के सदस्यों ने पशुपालकों के साथ-साथ पुलिस की नाक में दम कर दिया था लेकिन भैंस चोरों के गिरोह के तक पुलिस नही पहुंच पा रही थी बीती रात ग्रामीणों में भैंस चोरों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो कई घटनाओं का खुलासा हो सकता है संदीपन घाट थाना क्षेत्र के सर्वाकाजी गांव में बीती रात संदिग्ध दशा में घूम रहे एक युवक पर लोगों को संदेह हुआ तो ग्रामीणों ने भैंस चोर को पकड़ा है बताया जा रहा है कि आरोपी गांव में भैंस चोरी करने के इरादे से आया था, तभी ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ गई ग्रामीणों ने घेराबंदी कर आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया और इसकी सूचना मूरतगंज चौकी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को अपने कब्जे में लेकर पुलिस चौकी ले गई ग्रामीणों का कहना है कि पकड़ा गया चोर काफी समय से क्षेत्र में सक्रिय था और आसपास के कई गांवों में भैंस चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है, जिससे ग्रामीण काफी परेशान थे। चोर के पकड़े जाने की खबर फैलते ही गांव के सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गए और काफी देर तक हंगामा करते रहे ग्रामीणों ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि क्षेत्र में लगातार हो रही भैंस चोरी की घटनाओं पर रोक लग सके। फिलहाल आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है और मामले की जांच में जुटी हुई है।

# जमीनी विवाद में नाती ने धारदार हथियार से प्रहार कर बाबा को उतारा मौत के घाट

अखंड भारत संदेश

**15 दिन पहले नाती नितिन ने बाबा को जहर खिला दिया था बड़ी मुश्किल से डॉक्टर ने बचाई थी जान, बाबा की हत्या करने वाले नाती की तलाश करवाने के लिए पुलिस की कई टीम का गठन**



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर धमावा गांव में शनिवार की शाम 5 बजे जमीनी विवाद के चलते एक नाती ने धारदार हथियार से प्रहार कर अपने बाबा को मौत के घाट उतार दिया है वृद्ध की हत्या की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई घटना स्थल पर सैकड़ो लोगों की भीड़ लग गई है बाबा की हत्या करने के बाद नाती घटनास्थल से फरार हो गया है सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने वृद्ध के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हत्या करने वाले नाती की तलाश कर रही है वृद्ध की हत्या के बाद परिवार के लोगों के बीच कोहराम मचा हुआ है सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी भारी फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंचे हैं। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर धमावा गांव निवासी बाबूलाल सरोज उम्र लगभग 75 वर्ष शनिवार को अपने खेत में चारा काट रहे थे इसी बीच धारदार हथियार लेकर उनका नाती खेत पर पहुंचा और जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद करने लगा कुछ देर बाद आक्रोशित नाती नितिन कुमार ने धारदार हथियार कुल्हाड़ी से बाबा के गले में ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया जिससे लहूलुहान हो कर बाबा बाबू लाल सरोज जमीन पर गिर पड़े और तड़प तड़प कर उनकी दर्दनाक मौत हो गई है वृद्ध की हत्या की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना सैनी कोतवाली पुलिस को दी गई हत्या की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली पुलिस भारी फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंची और वृद्ध के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बताया जाता है कि नाती नितिन कुमार ने कई लोगों से कर्ज ले रखा है जिससे वह परेशान रहता था मृतक की पत्नी गुलजारा देवी के अनुसार 15 दिन पहले उनके नाती नितिन पुत्र दिनेश ने बाबा को जहर खिला दिया था जहर खिलाने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां कई दिनों के इलाज के बाद उनकी जान बच सकी थी बताया जाता है कि तीन माह पहले गांव की एक लड़की से नितिन ने प्रेम विवाह भी किया था बाबा की हत्या करने वाले नाती की तलाश करवाने के लिए पुलिस की टीम का गठन किया गया है जो आरोपी युवक की तलाश करने में लगी है।

# जनपद की शालिनी का आईएएस 2026 में हुआ चयन

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** इतिहास के पन्नों में जनपद कौशांबी का नाम एक बार फिर रोशन हो गया है सराय अकिल थाना क्षेत्र के कनैली मुलायमपुर गांव निवासिनी शालिनी देवी ने आईएएस 2026 परीक्षा में टॉप किया और कौशांबी जिले का नाम रोशन किया। शिक्षा ग्रहण कर रही छात्राएं शालिनी से एक सीख अवश्य ले जिसने अपनी मेहनत और काबिलियत के दम पर कुछ भी हासिल किया जा सके शालिनी सरोज का आईएएस 2026 में चयन पूरे जिले के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है शालिनी की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर कनैली उसके बाद हाई स्कूल में 86 प्रतिशत और इंटर में 87 प्रतिशत मधु वाचस्पति इंटर कालेज प्रयागराज से बी ए इलाहाबाद विश्व विद्यालय से एम ए कांशीराम महाविद्यालय फैजुल्लापुर से वर्ष 2020 से तैयारी शुरू किया पांचवीं बार में इनका आईएएस में चयन हुआ शालिनी का एक भाई नवनीत सरोज वह भी दिल्ली में रहकर यू पी एस सी की तैयारी कर रहे हैं इनके पिता राम सुमेर सरोज पुलिस विभाग में वतर्मान समय सुल्तानपुर जनपद में एस एच ओ के पद पर हैं माता हेमलता सरोज गृहणी है आपकी मेहनत लगन और संघर्ष ने यह साबित कर दिया कि सपने मेहनत से पूरे होते हैं।आपकी यह सफलता आने वाली पीढ़ियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी।

## जम्मू के युवक से कौशाम्बी की विवाहिता युवती से फेस बुक में हुआ प्यार

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में ब्याही 3 बच्चो की मां से जम्मू कश्मीर के युवक का फेसबुक से प्यार हो गया,महिला कुछ माह पहले बच्चों को घर में रोता बिलखता छोड़ कर अपने प्रेमी के पास जम्मू फरार हो गई थी।प्रेमी के साथ 15 दिन गुजारने के बाद महिला अपने ससुराल वापस आ गई ।महिला के वापस घर आने पर पति के रोजी रोटी के सिलसिले में बाहर रहने के कारण किसी ने कोई अपत्ति नहीं की लेकिन मायके पक्ष के लोगो को यह प्रेम नागवार गुजरा जिससे 3 बच्चो की मां रूपी प्रेमिका के परिजनों ने जम्मू के युवक को फोन पर जमकर गाली गलौज किया जिससे अक्रोशित प्रेमी बीते शुक्रवार शाम युवती की ससुराल जा धमका ,सूचना पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने युवक से मारपीट कर क्षेत्रीय पुलिस को सौंप दिया ।प्रेमिका महिला पुलिस के पास पहुंची और प्रेमी के छुड़ाने की जिद करने लगी पुलिस को किसी प्रकार की तहरीर भी नही मिली और दोनो के बालिग होने की कारण प्रेमी को महिला और उसके परिजनों के सुपुदगी में दे दिया गया।

## न्यायिक अधिष्ठान कौशाम्बी में कनिष्ठ सहायक, वरिष्ठ सहायक एवं प्रधान सहायक के पदों पर आवेदन 16 मार्च तक

**कौशांबी।** अध्यक्ष अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अवगत कराया है कि न्यायिक अधिष्ठान कौशाम्बी में कनिष्ठ सहायक के 15 पद, वरिष्ठ सहायक के 16 पद एवं प्रधान सहायक के 03 पदों पर पुनर्नियुक्ति की जानी है। जिला न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारीगणों में से ऐसे कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण नहीं हुई हो,वे लोग कनिष्ठ सहायक,वरिष्ठ सहायक एवं प्रधान सहायक के पदों के लिए दिनांक 16.03.2026 की सायं 04 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय, कौशाम्बी में अपना आवेदन जमा कर सकतें है ।यह नियुक्ति पूर्णतयः अस्थायी होगी तथा एक वर्ष की अवधि के लिए अथवा सीधी भर्ती द्वारा अथवा प्रोन्नति द्वारा अथवा स्थानान्तरण पश्चात भरे जाने की तिथि तक जो भी पहले हो के लिए की जाएगी। पदों का वेतनमान सम्बन्धित पद पर आवेदक को मिलने वाले अंतिक आहरित वेतन जिसमें से पेंशन की राशि काटकर मानदेय के रूप में देय होगा। अन्य भत्ते उ.प्र. शासन के यथासंशोधित आदेशों के अधीन प्रदान किये जाएंगे।

## सराय अकिल में कई दुकानों के ताले तोड़कर नकदी व सामान चोरी

**कौशांबी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के पावर हाउस चौराहे के पास बीती रात अज्ञात चोरों ने कई गोमती वा दुकानों का ताला तोड़कर दुकान को निशाना बना लिया है दुकान मालिकों को घटना की जानकारी सुबह हुई है जानकारी के अनुसार पावर हाउस चौराहे के पास बीती रात राजू पान वाले,पप्पू पान वाले और यादव मिठाई वाले की दुकानों के बेखौफ चोरों ने ताले तोड़ दिए। इसके बाद चोर दुकान से सिगरेट,ठंडा पेय,नमकीन और नगदी लेकर फरार हो गए ।सुबह जब दुकानदार अपनी दुकानों पर पहुंचे तो ताले टूटे देखकर घटना की जानकारी हुई। इसके बाद थाना पुलिस को घटना की सूचना दी गई ।मौके पर पहुंचकर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के दुकानदारों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## वारण्टी अभियुक्त को करारी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 285/16 धारा 138बी विद्युत अधिनियम से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त मैकू लाल पुत्र बद्री प्रसाद निवासी ग्राम थांबा अलावलपुर थाना करारी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## वारण्टी अभियुक्त को चरवा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 202/09 धारा 307 भादवि से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त करन पुत्र रामदुलारे निवासी कूड़ापुर थाना चरवा को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

# हेलीपैड के इंटरलॉकिंग मार्ग के गड्ढों में डाला गया गंगा का रेत



अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशांबी।** सिराथू के धाता रोड पर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के पास बने हेलीपैड पर शनिवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आगमन को लेकर जर्जर हुए इंटरलॉकिंग मार्ग पर गंगा का रेत गढ्ढों में डाला जा रहा है। ताकि उपमुख्यमंत्री जी को गढ्ढे ना दिखाई दे। जबकि यह रास्ता काफी दिनों से जर्जर हो चुका है ।इस मार्ग से होकर प्रतिदिन सैकड़ो लोग कॉलेज और 50 बेड के आयुष अस्पताल आते जाते हैं।

# उप मुख्यमंत्री ने सरस मेला व सरस महोत्सव कार्यक्रम का किया उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

**जनपद के प्रत्येक स्वयं सहायता समूह से कोई न कोई उत्पाद तैयार करने का किया आवाहन**

**प्रदेश में स्वयं सहायता समूह की एक करोड दीदियों को लखपति दीदी बनाने का कार्य किया जाएगा-उप मुख्यमंत्री**





**कौशांबी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को बाबू सिंह डिग्री कॉलेज मैदान, सयारा में आयोजित सरस मेला व सरस महोत्सव कार्यक्रम का फीता काटकर दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ उद्घाटन किया। उप मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प, खाद्य उत्पाद, कपड़े एवं अन्य घरेलू उत्पादों की लगाई गई स्टालों का अवलोकन करते हुए,उनका उत्साहवर्धन किया तथा महिलाओ की गोद-भराई एवं बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया। उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं में बहुत प्रतिभा है। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की दीदियों को अपना-अपना उत्कृष्ट उत्पाद तैयार करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा पूर्ण सहयोग उपलब्ध कराई जा रहीं है। उन्होंने जनपद के प्रत्येक स्वयं सहायता समूह से अपना कोई न कोई उत्पाद तैयार करने का आवाह्न किया। उन्होंने कहा कि आगामी दिनां में जनपद में 10 दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के सरस मेला का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कम्पनी बनाने का कार्य किया जाएगा। हजारों की संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा कपड़ा, राशन एवं मसाले की फैक्ट्री चलाने का कार्य किया जाएगा, इसके लिए कायर्योजना बना लिया गया है। जनपद की समूह की दीदियों को लखपति दीदी बनाना है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विकलांगों को दिव्यांगजन का नाम दिया हैं। यहां पर दिव्यांगता का प्रमाण-पत्र बनाने का कार्य किया जा रहा है। दिव्यांगजनों को अप्रैल माह से रू0-1500 पेंशन के रूप में दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि की राशि किसान के खाते में हस्तान्तरित होने के बावजूद भी, उन्हें पता नहीं हो पाता हैं। कि राशि खाते में आ गई है,इस सम्बन्ध में अधिकारियों को इसका सत्यापन कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वरासत आदि दर्ज कराकर पात्र किसानों को सम्मान निधि से लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत निराश्रित महिलाओं को आवास की सुविधा से लाभान्वित किया जा रहा हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधान मंत्री ने देश मेंस्वयं सहायता समूह की 06 करोड दीदियों को लखपति दीदी बनाने की घोषणा की है। प्रदेश में स्वयं सहायता समूह की एक करोड दीदियों को लखपति दीदी बनाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद कौशाम्बी में लगभग 01 लाख 54 हजार दीदियां स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 03 करोड़ दीदियों को स्वयं सहायता समूह से जोड़कर,उनको आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की दीदियो से कहा कि आप लोग खाने का कोई भी सामान बनाना चाह रहीं है, तो खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा एक करोड़ की यूनिट लगाने पर 35 प्रतिशत अर्थात 35 लाख सब्सिडी देने का कार्य किया जा रहा है तथा इसमें सोलर लाईट लगाने का भी कार्य किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त है। गुण्डे व अपराधियों के विरूद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही की जा रहीं है। आगामी 06 माह के अन्दर स्वयं सहायता समूह की शक्ति को बढ़ाकर तीन गुना किया जाएगा। समूह में और महिलाओं को जोड़ा जाएगा। समूह की दीदियों के लिए डेयरी एवं मसाले की फैक्ट्री बनाने का कार्य किया जाएगा। समूह के गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की मार्केटिंग एवं ब्राण्डिंग करके विश्व के देशों में बिक्री की व्यवस्था कराने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद कौशाम्बी में 11863 समूह का गठन किया गया है, जिसमें 01 लाख 30 हजार 493 दीदियां जुड़ी हुई हैं। इन समूहों में से 6155 समूहों को रिवाल्विंग फण्ड के रूप में 18 करोड़ 46 लाख रूपये दिया गया है। 5021 समूहों को सामुदायिक निवेश निधि के रूप में 75 करोड़ 31 लाख 50 हजार रूपये दिया गया है। उन्होंने कहा कि जनपद में 10864 दीदियां लखपति बन चुकी है तथा 01 लाख दीदियों को लखपति दीदी बनाने का कार्य करना है। स्वयं सहायता समूह की दीदियों का कौशल विकास किया जा रहा है। सरकार ने गरीबों को अमीर बनाने की योजना बना लिया है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक देश, प्रदेश एवं परिवार को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूह की दीदियों के साथ पुष्पवर्षा कर फूलों की होली खेली तथा उन्हें होली की शुभकामनाए दी। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल का वातावरण रंग, उमंग और उत्साह से सराबोर हो गया। कार्यक्रम में ग्राम मिर्जापुर जवई की निवासिनी स्वयं सहायता समूह की दीदी सरिता ने अपना अनुभव बताते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह से जुड़कर,उन्होंने ई-रिक्शा खरीदा व उसे चलाती है तथा दूसरे को प्रशिक्षण देने का कार्य भी करती है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति में बहुत सुधार हुआ है। इस अवसर पर विधायक चायल पूजा पाल,भाजपा जिलाध्यक्ष धमर्राज मौर्य, सदस्य उ.प्र. अनुसूचित जाति जनजाति आयोग जितेन्द्र कुमार, जनपद प्रभारी अवधेश गुप्ता, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंझनपुर वीरेन्द्र फौजी व भरवारी कविता पासी, अध्यक्ष नगर पंचायत सिराथू भोला यादव व अझुवा शान्ती देवी, शिवमोहन मौर्य, भोले शंकर, नीतू कनौजिया, ज्योति केसरवानी सहित अन्य व्यक्ति तथा जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार व मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## सोनिया की सही सलाह

**ईरान** के खिलाफ अमेरिका और इजरायल द्वारा छेड़ा गया युद्ध अब गंभीर मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है। इसमें फिलहाल तसल्ली इसी बात की नजर आ रही है कि आशंकाओं के विपरीत अब विश्वयुद्ध जैसे हालात नहीं बने हैं। नाटो देशों ने इस युद्ध से एक दूरी बनाई है, जिससे युद्ध का दायरा वैश्विक स्तर पर नहीं बढ़ रहा है। हालांकि इजरायल ने ईरान का साथ देने वाले हिज्बुल्ला पर हमला बोलने के लिए लेबनान पर ही मिसाइलें दागना शुरू किया है। जबकि लेबनान खुद हिज्बुल्ला के साथ नहीं है। मगर युद्धपिपासु नेतन्याहू अपने आक्रमणों का दायरा बढ़ाते जा रहे हैं। वहीं अमेरिका की भी कोशिश यही है कि किसी भी तरह उसे बाकी देशों का साथ मिले। फ्रांस, इटली, ब्रिटेन जैसे देश साफ कर चुके हैं कि उन्हें इस युद्ध का सहभागी बनने में कोई रुचि नहीं है। वहीं कई देश ऐसे हैं, जिन्होंने न ईरान न इजरायल और अमेरिका किसी की भी तरफ झुकाव दिखाया, लेकिन दोनों पक्षों से युद्ध रोकने की अपील की। मगर नरेन्द्र मोदी ने पहले दिन से इजरायल और अमेरिका के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर कर दी। जिस पर विपक्ष ने सवाल उठाए तो भाजपा की पूरी ब्रिगेड नरेन्द्र मोदी के बचाव में उतर गई और साथ ही सोशल मीडिया की सेना भी इस काम में लगा दी गई है। ईरान में अयातुल्लाह खामेनेई के कारण महिलाओं को कितना दबाया जा रहा था, उनके अधिकारों का हनन हो रहा था, स्त्रियां सुरक्षित नहीं थीं, ऐसे तमाम आरोपों के साथ वीडियो शेयर किए जा रहे हैं। अब सवाल ये है कि क्या ईरान की महिलाओं की चिंता करने वालों ने अपने देश में मनुस्मृति को पूरी तरह भुला दिया है, जिसने स्त्री अधिकारों को हर तरह से खारिज किया है। रहा सवाल ईरानी सरकार से वहां की जनता की नाराजगी का, तो उसे बनाए रखना या सत्ता से हटाना या उसके खिलाफ आंदोलन करना या उसके फैसलों को चुपचाप बर्दाश्त करना, यह सब केवल और केवल उसी का अधिकार है। इसमें अमेरिका या इजरायल का तो कोई लेना-देना ही नहीं होना चाहिए। मगर भाजपा यही साबित कर रही है कि ईरान पर आक्रमण करना सही था।

विदेश नीति में किए गए इस आमूलचूल बदलाव पर चिंता जाहिर करते हुए कांग्रेस सांसद और संसदीय दल की अध्यक्षा सोनिया गांधी का एक आलेख मंगलवार को 'इंडियन एक्सप्रेस' में प्रकाशित हुआ, जिसमें उन्होंने लिखा कि एक मार्च को ईरान ने पुष्टि की कि उसके सर्वोच्च नेता की हत्या एक दिन पहले अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए लक्षित हमलों में हुई। यह हत्या तब हुई जब वार्ताएं जारी थीं। सोनिया गांधी ने कहा कि किसी सत्तारूढ़ राष्ट्राध्यक्ष की इस तरह की हत्या अंतरराष्ट्रीय संबंधों में गंभीर विघटन का संकेत है। उन्होंने इस पूरे मुद्दे पर संसद में चर्चा की मांग की।

सोनिया गांधी ने आरोप लगाया कि भारत सरकार ने न तो इस हत्या की निंदा की और न ही ईरान की संप्रभुता के उल्लंघन पर स्पष्ट प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरूआत में अमेरिका-इजरायल के हमलों का उल्लेख किए बिना केवल ईरान की संयुक्त अरब अमीरात पर जवाबी कार्रवाई की आलोचना की। उन्होंने यह भी कहा कि बाद में प्रधानमंत्री ने गहरी चिंता जताई और संवाद और कूटनीति की सामान्य बात कही, जबकि हमलों से पहले यही प्रक्रिया जारी थी।

# नारी शक्ति का नया युग और वास्तविक चुनौतियां

-: ललित गर्ग:-

**मानव** सभ्यता के विकास की कथा में यदि किसी शक्ति ने सबसे अधिक सृजन किया है, तो वह नारी शक्ति है। वह जीवन की जननी है, संस्कृति की वाहक है और समाज की संवेदनशील आत्मा है। भारतीय परंपरा ने नारी को केवल एक सामाजिक भूमिका तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे ह्यमाताह्न के रूप में सर्वोच्च आदर दिया। ह्यमातृदेवो भवःह्न की वाणी से लेकर ह्यजननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसीह्न की घोषणा तक हमारी संस्कृति में नारी के प्रति श्रद्धा का अद्वितीय भाव दिखाई देता है। यही कारण है कि भारत में धरती, गौ और मातृभूमि तक को ह्यमाताह्न कहकर संबोधित किया गया। किन्तु विडम्बना यह है कि जिस समाज ने नारी को देवी का दर्जा दिया, उसी समाज में आज भी नारी असुरक्षा, भेदभाव और हिंसा का सामना कर रही है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 हमें केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं देता, बल्कि यह अवसर देता है कि हम नारी की वास्तविक स्थिति का गंभीर आत्ममंथन करें। विश्व स्तर पर किए गए अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है कि नारी की स्थिति में प्रगति अवश्य हुई है, किन्तु समानता, सुरक्षा एवं स्वतंत्रता की यात्रा अभी लंबी है। विश्व आर्थिक मंच की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 के अनुसार विश्व में लैंगिक समानता का लगभग 68.8 प्रतिशत अंतर ही समाप्त हो पाया है, अर्थात अभी भी लगभग एक तिहाई अंतर शेष है। आर्थिक भागीदारी के क्षेत्र में यह अंतर सबसे अधिक है, जहाँ समानता केवल लगभग 61 प्रतिशत तक ही पहुँची है।

वर्ल्ड इकनोमिक फोरम कि स्थिति बताती है कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में तो महिलाएँ लगभग बराबरी के स्तर तक पहुँच गई हैं, परंतु आर्थिक अवसरों और राजनीतिक नेतृत्व में अभी भी उनकी भागीदारी सीमित है। वैश्विक स्तर पर महिलाएँ कुल कार्यबल का लगभग 42 प्रतिशत ही हैं और शीर्ष प्रबंधकीय पदों पर उनकी हिस्सेदारी लगभग एक-तिहाई के आसपास है। भारत में भी स्थिति मिश्रित है। एक ओर भारतीय महिलाएँ अंतरिक्ष, विज्ञान, सेना, राजनीति और प्रशासन में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर श्रम बाजार में उनकी भागीदारी अभी भी कम है। हाल के आँकड़ों के अनुसार भारत में महिला श्रम भागीदारी दर लगभग 32 प्रतिशत है और बड़ी संख्या में महिलाएँ घरेलू दायित्वों के कारण रोजगार से बाहर रहती हैं। बिजनेस स्टैंडर्ड के यह आँकड़े केवल संख्या नहीं हैं, यह समाज की संरचना, सोच और अवसरों की असमानता को उजागर करते हैं। आज दुनिया के अनेक देशों में महिलाएँ राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, वैज्ञानिक, सैन्य अधिकारी और उद्योगपति के रूप में नेतृत्व कर रही हैं। भारत में भी राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, वैज्ञानिक और फाइटर पायलट के रूप में महिलाओं की उपस्थिति इस परिवर्तन का प्रमाण बनी है और बन रही है। किंतु इसके साथ यह भी सत्य है कि दुनिया में अभी भी केवल सीमित देशों में ही महिलाएँ सर्वोच्च राजनीतिक पदों पर हैं और समान वेतन का प्रश्न अभी भी अधूरा है। कई अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार महिलाओं को समान कार्य के लिए पुरुषों की तुलना में औसतन कम वेतन मिलता है। एक और चिंताजनक तथ्य यह है कि संघर्ष, युद्ध और संकट की स्थितियों का सबसे अधिक दुष्प्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। हाल के वैश्विक अध्ययनों के अनुसार 2024 में लगभग 67 करोड़ महिलाएँ ऐसे क्षेत्रों में रह रही थीं जो किसी न किसी प्रकार के हिंसक संघर्ष से प्रभावित थे।

नये युग की समस्याएं जैसे जलवायु परिवर्तन, युद्ध, आतंकवाद, गरीबी और डिजिटल असमानता भी महिलाओं के लिए नई चुनौतियाँ खड़ी कर रही हैं। यदि इन समस्याओं पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दशकों में करोड़ों महिलाएँ और लड़कियाँ अत्यधिक गरीबी की ओर धकेली जा सकती हैं। इतिहास के पन्ने यह भी बताते हैं कि जब-जब समाज संकट में पड़ा, तब-तब नारी शक्ति




ने असाधारण साहस का परिचय दिया। स्वतंत्रता संग्राम में रानी चेनम्मा, बेगम हजरत महल, रानी अवन्तीबाई, सरोजिनी नायडू और दुर्गा भाभी जैसी वीरांगनाओं ने यह सिद्ध किया कि नारी केवल करुणा की प्रतिमा नहीं, बल्कि संघर्ष और साहस की भी प्रतीक है। लेकिन इतिहास के इन गौरवपूर्ण अध्यायों के बावजूद सामाजिक वास्तविकता कई बार पीड़ादायक दिखाई देती है। दहेज, भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा, मानव तस्करी और यौन अपराध आज भी दुनिया के अनेक समाजों में मौजूद हैं। यह केवल कानून का नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता का प्रश्न है। दरअसल नारी समस्या का मूल कारण केवल बाहरी संरचनाएँ नहीं हैं, बल्कि वह सोच है जिसने सदियों तक नारी को ह्यकमजोरह्न मानकर उसकी क्षमता को सीमित करने का प्रयास किया। जब समाज नारी को केवल भूमिका से जोड़ता है, व्यक्ति के रूप में नहीं देखता, तभी असमानता जन्म लेती है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 का वैश्विक संदेश भी इसी दिशा में संकेत करता है- ह्यह्यसभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, न्याय और वास्तविक कार्रवाईह्नह्न यह संदेश हमें याद दिलाता है कि आज भी दुनिया में महिलाओं को पुरुषों के समान कानूनी अधिकार पूरी तरह प्राप्त नहीं हैं और औसतन उन्हें पुरुषों के मुकाबले लगभग 64 प्रतिशत ही कानूनी अधिकार प्राप्त हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ कि यह स्थिति हमें सोचने के लिए बाध्य करती है कि केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन कानूनों को सामाजिक चेतना में बदलना भी आवश्यक है। नारी सशक्तिकरण का वास्तविक अर्थ केवल अधिकार देना नहीं है, बल्कि अवसर, सम्मान और निर्णय लेने की स्वतंत्रता देना है। शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल साक्षरता, आर्थिक स्वावलंबन और राजनीतिक भागीदारी, ये पाँच स्तंभ नारी सशक्तिकरण की वास्तविक नींव हैं। परंतु इस परिवर्तन की शुरूआत घर से ही होगी। यदि परिवार में बेटी और बेटे को समान अवसर मिलते हैं, यदि शिक्षा में भेदभाव समाप्त होता है, यदि विवाह और दहेज जैसी कुप्रथाओं को समाज स्वयं अस्वीकार करता है, तभी नारी की वास्तविक मुक्ति संभव है।

महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उल्लेखनीय कदम उठाये हैं। चाहे उज्ज्वला योजना के द्वारा उन्हें गैस सिलिंडर दिलाना हो, गावों में घरों और शौचालय का निर्माण हो या नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में पास कराना। आज दुनिया के सभी देश इस बात को मान रहे है की मोदी के नेतृत्व में भारत की महिलाएं बहुत आगे बढ़ रही है। खेल जगत से लेकर मनोरंजन जगत तक और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा तक में महिलाएं बड़ी भूमिका में हैं। बात भारतीय या अभारतीय नारी की नहीं, बल्कि उसके प्रति दृष्टिकोण की है। आवश्यकता इस दृष्टिकोण को बदलने की है, जरूरत सम्पूर्ण विश्व में नारी के प्रति उपेक्षा एवं प्रताड़ना को समाप्त करने की है। इस दिवस की सार्थकता तभी है जब महिलाओं को विकास में सहभागी ही न बनाये बल्कि उनके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने की वीभत्सताओं एवं त्रासदियों पर विराम लगे, ऐसा वातावरण बनाये।

नारी को भी अपने भीतर की शक्ति को पहचानना होगा। इतिहास गवाह है कि जब नारी ने अपने आत्मबल को पहचाना है, तब समाज की दिशा बदल गई है। शिक्षा और आत्मविश्वास नारी के लिए वही भूमिका निभाते हैं जो प्रकाश अंधकार के लिए करता है। आज की नारी केवल अधिकारों की मांग करने वाली नहीं, बल्कि परिवर्तन की निमार्ता है। वह विज्ञान में शोध कर रही है, आकाश में विमान उड़ा रही है, संसद में कानून बना रही है, और समाज में नेतृत्व कर रही है। फिर भी हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि नारी सम्मान का प्रश्न केवल महिलाओं का नहीं, बल्कि पूरे समाज की सभ्यता का प्रश्न है। जिस समाज में नारी सुरक्षित, सम्मानित और आत्मनिर्भर होती है, वही समाज वास्तव में विकसित और मानवीय कहलाता है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का वास्तविक संदेश यही है कि नारी को सम्मान देने का कार्य केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि पूरे वर्ष की सामाजिक चेतना होना चाहिए। जब समाज यह स्वीकार कर लेगा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला नहीं, बल्कि भविष्य की निमार्ता है, तब वह दिन दूर नहीं होगा जब ह्यनारी सशक्तिकरणह्न शब्द की आवश्यकता ही समाप्त हो जाएगी-क्योंकि नारी स्वाभाविक रूप से सशक्त होगी और तब शायद दुनिया सचमुच उस आदर्श को जी पाएगी, जिसे भारतीय संस्कृति ने हजारों वर्ष पहले कहा था-ह्यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता।

# 8 मार्च महिला दिवस : जलवायु-परिवर्तन से जीत सकती हैं, महिलाएं

अपूर्वा श्रीवास्तव

**महिलाएं** शिक्षित और जागरूक होंगी, तो वे प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को बेहतर ढंग से समझ पाएंगी। वे जनसंख्या वृद्धि, स्वास्थ्य संबंधी निर्णयों और घरेलू निर्णय-प्रक्रिया में अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकेंगी। इसके साथ ही वे उपभोग के पैटर्न में भी सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं। खाद्य, ऊर्जा और अन्य संसाधनों के उपयोग के संबंध में वे अधिक समझदारी और संतुलन के साथ निर्णय लेने में सक्षम होंगी।

महिलाओं के लिए ऐसा वातावरण बनाया जाए कि वे सुरक्षित रह सकें - यह वाक्य हम अक्सर सुनते हैं, लेकिन आए दिन ऐसी घटनाएँ सामने आती हैं जो महिलाओं को असुरक्षित महसूस कराने के लिए पर्याप्त हैं। 'राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो' (एनसीआरबी) के आँकड़े भी महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा की ओर संकेत करते हैं। जब हम महिलाओं की सुरक्षा की बात करते हैं तो यह केवल सामाजिक सुरक्षा का प्रश्न नहीं रह जाता, बल्कि उस व्यापक वातावरण




से भी जुड़ जाता है जिसमें हम सभी रहते हैं। वातावरण हमारे चारों ओर का वह परिवेश है जिसमें सभी जैविक और अजैविक तत्व शामिल हैं। यह वही बाहरी घेरा है जो हमारे जीवन, व्यवहार और विकास को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है, जिसे अक्सर पर्यावरण भी कहा जाता है। आज यह वातावरण संतुलित नहीं रह गया है। तापमान बढ़ रहा है और जलवायु परिवर्तन की प्रक्रिया तेज हो रही है। इसका खामियाजा भी भेदभाव से भरा हुआ है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन जेंडर-न्यूट्रल नहीं है। यानी इसके नकारात्मक प्रभाव महिलाओं पर सबसे अधिक पड़ते हैं। कई मायनों में जलवायु परिवर्तन मानवीय अधिकारों को भी पीछे धकेल देता है।

जब भी कोई प्राकृतिक आपदा आती है तो महिलाओं के खिलाफ अत्याचार नाटकीय रूप से बढ़ जाते हैं। उदाहरण के लिए बाढ़ में महिलाओं की मृत्यु अधिक होती है क्योंकि उन्हें जिन्दा रहने के कौशलों की ट्रेनिंग नहीं दी जाती। ग्रामीण परिवेश में महिलाओं को खेल-कूद से दूर रखा जाता है। महिलाओं के खानपान का कम ख्याल रखा जाता है जिसके चलते भोजन में जरूरी पोषक तत्वों की कमी हमेशा होती है। परिवारों में वे आखिर में खाना खाती हैं। इस तरह की सामाजिक संरचनाएँ संकट के समय में उनकी स्थिति को और कमजोर बना देती हैं। स्पष्ट है, जलवायु परिवर्तन की मार महिलाओं पर अधिक पड़ रही है। गर्मी, सूखा, तूफान और बाढ़ जैसी आपदाओं की वजह से महिलाओं को ज्यादा मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं। 1991 में बांग्लादेश में आए चक्रवाती तूफान में मरने वालों में लगभग 91 प्रतिशत महिलाएं थीं। इसका एक कारण यह भी था कि उनमें से बहुत सी महिलाएं तैरना नहीं जानती थीं। तैरना इसलिए नहीं जानती थीं, क्योंकि वे घर के भीतर ही रहती थीं और अकेले बाहर जाने की अनुमति नहीं होती थी। इसी तरह 2003 में यूरोप में जब भीषण हीट-वेव आई, मरने वालों में महिलाओं की संख्या सबसे अधिक थी।

# जो तटस्थ हैं समय लिखेगा उनका भी इतिहास

अरविन्द मोहन

**भारत** ने युद्ध के अरब देशों में पसरने और ईरान द्वारा अमेरिकापरस्त अरब देशों के ठिकानों पर आक्रमण करने के बाद शांति और अयुद्ध के पक्ष में बयान दिया है लेकिन अभी भी काफी सारे लोगों को इंतजार ही है कि वह ईरान के सुप्रीम लीडर खामनेई और उनके साथियों की हत्या की निंदा करे, ईरान पर इजरायली हमले और अमेरिकी दखल की निंदा करे। उसके बगैर उसका बयान अधूरा हैइतिहास

वैसे तो दुनिया में अभी भी पांच-छह युद्ध जारी है और उनकी गंभीरता को कम नहीं माना जा सकता। लेकिन ईरान पर इजरायल और अमेरिकी हमले के बाद लड़ाई ने जो स्वरूप लिया है वह भयावह है और विश्वयुद्ध ज्यादा दूर नहीं लगता और पुराने दो विश्वयुद्धों से अलग बात यह है कि यह यूरोप की जमीन पर होने की जगह एशिया को अखाड़ा बनाए हुए है और अमेरिका दूर बैठा सारे तमाशे कर रहा है। अभी हमारे ऊपर सीधा हमला नहीं हुआ है न हमारी सीधी भागीदारी है लेकिन अर्थव्यवस्था, राजनयन, इतिहास, संस्कृति और समाज से लेकर हर स्तर पर हमारी इस इलाके से ऐसी भागीदारी है कि हम इससे अप्रभावित नहीं रह सकते। एक तो यह हमारे पास है। दूसरे करीब एक



करोड़ भारतीय इस इलाके के उन देशों में रहकर काम करते हैं जहां युद्ध अपने पूरे रौद्र रूप में शुरू हो चुका है। उनकी कमाई और रोजी-रोटी से ज्यादा उनकी जान की बन आई है और उनसे जुड़े हिन्दुस्तानी परिवारों और पूरे हिन्दुस्तान में बेचैनी महसूस की जा रही है। फिर तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित होने लगी है जिसका असर कितना और कैसा होगा।

# भदोही में 09 मार्च को आयोजित होगा "विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026" की जिला स्तरीय प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश गोपीगंज भदोही**
**भदोही 07 मार्च 2026**

**युवा** कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निदेर्शानुसार विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 के अंतर्गत जनपद भदोही में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 09 मार्च 2026 को काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर में किया जाएगा। यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत (ट इँ१३) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा।

इस प्रतियोगिता का विषय "आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सीख" निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को निर्धारित विषय पर 3 मिनट का भाषण देना होगा तथा प्रतिभागियों को अपनी स्पीच बिना किसी लिखित सामग्री या सहायता के प्रस्तुत करनी होगी।

इस प्रतियोगिता में 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं। पात्रता के अनुसार केवल वे अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं जिनका जन्म 01 सितम्बर 2000 से 01 सितम्बर 2007 के बीच हुआ हो।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित शीर्ष 10 प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयनित होंगे, जिसका आयोजन राज्य विधानसभा में किया जाएगा।

# शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**अखंड भारत संदेश गोपीगंज भदोही भदोही 07 मार्च, 2026-** जन शिकायतो के त्वरित निस्तारण एवं कार्यवाही के दृष्टिगत ह्यह्यसम्पूर्ण समाधान दिवसह्नह्न जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया। तहसील ज्ञानपुर में पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संतोष कुमार चक, उप जिलाधिकारी भानसिंह, तहसील औराई में अपर जिलाधिकारी न्यायिक विजय नारायण सिंह, उप जिलाधिकारी



औराई श्याममणि त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसील भदोही में उप जिलाधिकारी अरुण गिरि एवं अन्य अधिकारियो द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याओ को गंभीरता से सुनकर निस्तारण किया गया। अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य ने अंतरविभागीय समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक राजस्व व पुलिस टीम के लीडर के रूप में एक-एक जनपदीय अधिकारी को नामित करते हुए निर्देशन किया कि टीम लीडर तत्काल उसी दिन प्रकरण का स्थलीय मुआयना करते हुए निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अपर जिलाधिकारी ने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण करने हेतु शिकायतकर्ता से बात करें, मौके पर जाये, स्पष्ट रूप से आख्या लिखे, कागजी खानापूर्ति न करें। शिकायतों को पारदर्शी ढंग से गुणवत्तानुरूण निस्तारण कराये,अन्यथा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

तहसील ज्ञानपुर सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी द्वारा सुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये फरियादियों के कुल 22 प्रार्थना पत्रों में से 06 मामलों में त्वरित संयुक्त टीम भेज कर निस्तारण किये गये, शेष प्रकरण में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाते हुए समय-सीमा में समाधान करने का निर्देश दिया।

# तीन दिन बाद नहर से मिला युवक का शव एसडीआरएफ ने बरामद किया

**सुलतानपुर । बंधुआ** कला थाना क्षेत्र के अलीगंज पुलिस चौकी के पास शारदा सहायक नहर में लापता युवक का शव तीन दिन बाद बरामद हो गया एसडीआरएफ की टीम ने शनिवार को घटनास्थल से करीब 200 मीटर दूर टिकरिया पुल के उस पार नहर से शव निकाला मृतक की पहचान कुड़वार थानाक्षेत्र के ग्राम उत्तरगांव निवासी राधेश्याम साहू (42) के रूप में हुई हैं जो अलीगंज बाजार में सिलाई का काम कर परिवार का भरण-पोषण करते थे गुरुवार दोपहर वह दुकान से शौच जाने की बात कहकर निकले थे लेकिन वापस नहीं लौटे खोजबीन के दौरान उनकी मोटरसाइकिल नहर के पास खड़ी मिली थी सूचना पर एसडीआरएफ टीम ने दो दिनों तक सर्च अभियान चलाया जिसके बाद शनिवार को शव बरामद कर लिया गया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ हैं।



# एक गरीब कन्या के पिता की चिन्ता दूरकर, कन्यादान किया

**सुलतानपुर** जिले के युवा समाजसेवी समाजसेवी अखिलेश सिंह पर्वत अध्यक्ष जन कल्याण सेवा समिति और प्रधान बृजभान सिंह के नेतृत्व में गांव वालों संग ऐसा कदम उठाया जिससे एक बिना मां-बाप की बिटिया के मन मे नया विश्वाश जाग उठा,उसके चेहरे पर मुस्कराहट भी आई। बात कुछ ऐसी जिसके लिए अखिलेश सिंह पर्वत और समस्त मदद करने वाले की सराहना करते बनती है हुआ कुछ ऐसा भदैयां ब्लॉक के ऊंचहरा की एक गरीब परिवार में जन्मी लड़की अमरावती की आज शादी है ।परन्तु लड़की के माता और पिता का निधन बहुत पहले हो गया था।जिसके बाद से गांव वाले ही



बच्चों का पालन पोषण अत्यन्त तंगी हालात में कर रहे है। जब इस बात का पता अखिलेश सिंह पर्वत को चला तब उन्होंने उसकी मदद हेतु हाथ बढ़ाते हुए लड़की की शादी मिशन बिटिया की शादी के मित्रो और गांव वालों के सहयोग से पंखा,बाथरूम सेट,चुनरी,घरेलू सामान,पानी की टंकी बक्सा,टेबल,साड़ियां किचेन सेट,समेत घरेलू सामान उपलब्ध कराने के साथ आर्थिक मदद किए।

# स्कूल तक जाने को नहीं रास्ता,खेत की मेड़ से गुजरने को मजबूर छात्र

**सुल्तानपुर। बल्दीराय** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत फत्तेपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय रंगवा पटखौली तक पहुंचने के लिए अब तक कोई समुचित रास्ता नहीं बन सका है। ऐसे में विद्यालय आने-जाने के लिए छात्र-छात्राओं,शिक्षकों और अभिभावकों को खेत की मेड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है।विद्यालय में करीब 107 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। मेड़ ऊंची और संकरी होने के कारण अक्सर छोटे बच्चे संतुलन बिगड़ने से गिरकर चोटिल हो जाते हैं।बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है,जिससे विद्यालय पहुंचना और मुश्किल हो जाता है।समस्या से परेशान अभिभावकों और शिक्षकों ने संपूर्ण समाधान दिवस बल्दीराय में शिकायती पत्र देकर विद्यालय तक आने-जाने के लिए सड़क निर्माण कराने की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए जल्द से जल्द विद्यालय तक रास्ते का निर्माण कराया जाना जरूरी है।ग्रामीणों ने मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए विद्यालय तक पक्की सड़क या सुरक्षित मार्ग बनवाया जाए,ताकि छात्र-छात्राओं को आने-जाने में परेशानी न हो।

# डिवाइडर से टकराई बाइक, दो युवक गंभीर रूप से घायल

**अखंड भारत संदेश गोपीगंज भदोही**

**जंगीगंज। गोपीगंज** थाना क्षेत्र के जंगीगंज बाजार में शनिवार को दोपहर में एक बाइक पर सवार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गए, जिन्हे गंभीर चोट लगी, दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक भदोही कोतवाली क्षेत्र के रजपुरा निवासी अजमत अली अपने मित्र नीरज कुमार निवासी सिविल लाइन भदोही के साथ बाइक (वढ 66 ह 7487) से प्रयागराज से गोपीगंज के तरफ आ रहा था। और दोनों साथी नशे में धुत थे, बाइक सवार



जंगीगंज में हाईवे पर पहुंचे थे कि उनकी बाइक अनियंत्रित होकर हाईवे के बीच डिवाइडर से टकरा गई और दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े, स्थानीय लोगों और पुलिस के मदद से दोनों को एम्बुलेंस से गोपीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां दोनों युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर वाराणसी भेजा गया। घटना की जानकारी होने पर दोनों युवक के परिजन भी पहुंचे।

# औचक निरीक्षण में खुली अव्यवस्था की परतें, डीएम ने दिए पारदर्शिता और त्वरित निस्तारण के कड़े निर्देश

### पुराने मुकदमों व बिखरे अभिलेखों पर सख्ती

अखंड भारत संदेश



तहसील में जांच करते डीएम

**चित्रकूट।** कर्वी तहसील में गुरुवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग का औचक निरीक्षण प्रशासनिक व्यवस्था के लिए सख्त संदेश बनकर सामने आया। तहसील की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जन समस्याओं के त्वरित समाधान को परखने पहुंचे जिलाधिकारी ने सबसे पहले नायब तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण किया और लंबित सबसे पुराने पांच वादों की पत्रावलियों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि पत्रावलियों में दर्ज फर्द काम अब हस्तलेखन में नहीं, बल्कि अनिवार्य रूप से टाइप किए जाएं ताकि अभिलेखों में स्पष्टता बनी रहे। साथ ही पुराने मामलों में नियमित तिथियां तय कर प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा तथा उपजिलाधिकारी कर्वी को न्यायालयी कार्यों की सतत निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी। निरीक्षण के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य संग्रह अमीन संघ कार्यालय और संग्रह कार्यालय में अभिलेखों के बिखरे और अव्यवस्थित रखरखाव पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने महत्वपूर्ण पत्रावलियों को कपड़े के बस्तों में सुरक्षित रखने और कार्यालय में फैले कागजातों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। साथ ही अनुपयोगी एवं पूर्ण हो चुकी वसूली की फाइलों की तत्काल वीडिंग कराने को कहा। जिलाधिकारी ने शीर्ष दस बड़े बकाएदारों की पत्रावलियों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि बैंकों की रिकवरी आर्थिक चक्र की धुरी है और वसूली में ढिलाई से उद्योग व व्यापार दोनों प्रभावित होते हैं। खनन में पकड़े गए ट्रकों पर नियमानुसार जुमार्ना वसूलने या विधिक कार्रवाई कर उन्हें बंद कराने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा वीआरसी, भारत निर्वाचन आयोग के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण तथा फॉर्म-6 पटल का निरीक्षण कर डेटा फीडिंग में त्रुटि न होने की सख्त हिदायत दी गई। भूलेख अनुभाग में परवाना रजिस्टर का अवलोकन करते हुए उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर अभिलेखों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा और चेतावनी दी कि कार्यों में शिथिलता बरतने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई तय है।

## जिले में अवैध खनन व परिवहन पर खानापूर्ति, चार ट्रकों पर एफआईआर और 11 वाहनों पर कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले में अवैध खनन, परिवहन और ओवरलोडिंग पर नियंत्रण के लिए प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निदेर्शों के अनुपालन में खनिज विभाग ने 7 मार्च 2026 को चार ट्रकों के विरुद्ध थाना राजापुर में विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। खान अधिकारी के अनुसार संबंधित वाहन अवैध खनन और परिवहन से जुड़े पाए गए। इनके विरुद्ध सरकारी सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 और अन्य प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत वाहन स्वामियों तथा संबंधित खनन पट्टाधारकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इसके अतिरिक्त सात अन्य वाहनों के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 2,44,040 रुपये का जुमार्ना वसूला गया है। इस प्रकार वर्तमान सप्ताह में जिलाधिकारी द्वारा गठित तहसील एवं थाना स्तर की टास्क फोर्स ने कुल 11 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की है। वहीं फरवरी के अंतिम सप्ताह में भी सात वाहनों पर दंडात्मक कार्रवाई की गई थी। जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी और वाणिज्य कर अधिकारी को भी अपने स्तर से आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिला, तहसील और थाना स्तर की टास्क फोर्स को खनन क्षेत्रों में नियमित गश्त करने और नियमों के उल्लंघन की स्थिति में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# ईज ऑफ डूइंग बिजनेस बनाम जमीनी हकीकत- आयोग ने जिला विकास अधिकारी पर ठोका 25 हजार का जुर्माना

अखंड भारत संदेश

- रिश्वत नहीं तो नक्शा नहीं?
- आरटीआई ने खोली प्रशासन की पोल
- सूचना आयोग का करारा प्रहार

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश सरकार भले ही निवेश मित्र और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस जैसे आकर्षक नारों के माध्यम से प्रदेश को निवेश के अनुकूल बताने का दावा कर रही हो, किंतु चित्रकूट जनपद से सामने आया एक प्रकरण इन दावों की वास्तविकता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। मध्यप्रदेश के जबलपुर निवासी 65 वर्षीय महिला उद्यमी कुसुम सिंह ने वर्ष 2021 में चित्रकूट के खोही रेलवे क्रॉसिंग के निकट लगभग 0.200 हेक्टेयर भूमि उद्योग स्थापना के उद्देश्य से खरीदी और विधिवत आर्किटेक्ट से नक्शा तैयार कर विकास प्राधिकरण में स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया। आरोप है कि नक्शा पास करने के एवज में संबंधित अधिकारी द्वारा 40,000 रुपए की रिश्वत की मांग की गई। जब उद्यमी ने इस अवैध मांग के आगे झुकने से इनकार किया, तो प्रशासनिक तंत्र ने नियमों की आड़ लेकर अड़चनें खड़ी करनी शुरू कर दीं और महायोजना-2021 का हवाला देते हुए भूमि को कृषि श्रेणी में बताकर नक्शा अस्वीकृत कर दिया। इसके बाद उद्यमी ने उपजिलाधिकारी न्यायालय में धारा-80 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया, किंतु निर्धारित समय सीमा में निर्णय नहीं हुआ और महीनों बाद उसे निरस्त कर दिया गया। जून 2023 में निवेश मित्र पोर्टल की बैठक में उच्च अधिकारियों द्वारा इस मामले पर संज्ञान लेते हुए सकारात्मक कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए, किंतु स्थानीय स्तर पर स्थिति जस की तस बनी रही। अंततः निराश होकर उद्यमी को सूचना का अधिकार अधिनियम का सहारा लेना पड़ा और जुलाई 2024 में आरटीआई के माध्यम से जानकारी मांगी गई, परंतु निर्धारित समय में सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। मामला अंततः राज्य सूचना आयोग लखनऊ पहुंचा, जहां सुनवाई के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा जानकारी देने में लापरवाही बरती गई। इस गंभीर उदासीनता को देखते हुए सूचना आयोग ने चित्रकूट के जन सूचना अधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी पर 25 हजार का आर्थिक दंड लगा दिया। यह पूरा प्रकरण प्रशासनिक व्यवस्था पर तीखा सवाल खड़ा करता है जो कागजों में निवेश को प्रोत्साहित करने की बात करती है, किंतु जमीनी हकीकत में अफसरशाही की दीवारें खड़ी कर देती है।

# वाल्मीकि आश्रम लालापुर में पर्यटन चमकाने की तैयारी अव्यवस्था और गंदगी पर सख्त हुई प्रशासनिक नजर




जांच करते अधिकारीगण

### तीर्थ की मर्यादा बनाम अव्यवस्था का मेला

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जनपद के प्रसिद्ध महर्षि वाल्मीकि आश्रम लालापुर को पर्यटन और आस्था के अनुरूप विकसित करने की दिशा में प्रशासन ने कमर कस ली है। 6 मार्च को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में आश्रम क्षेत्र की व्यवस्था, मेला प्रबंधन और साफ-सफाई को लेकर कई अहम निर्णय लिये गये। बैठक में अधिकारियों को चित्रकूट-प्रयागराज राष्ट्रीय मार्ग की भूमि का चिन्हांकन कर सड़क के दोनों ओर पीले पेंट से सीमांकन कराने के निर्देश दिये गये, ताकि अतिक्रमण और अव्यवस्था पर रोक लग सके। आश्रम के बाहर सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से लगने वाली पूजा सामग्री की दुकानों को व्यवस्थित करने के लिए विशेष वेंडिंग जोन बनाने के निर्देश भी दिये गये। बैठक में यह भी सामने आया कि भंडारे के बाद डिस्पोजल सामग्री इधर-उधर फेंक देने से आश्रम परिसर और आसपास का वातावरण गंदगी से भर जाता है। इस पर जिलाधिकारी ने जगह-जगह कूड़ेदान रखने और श्रद्धालुओं को उसमें कूड़ा डालने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिये। साथ ही चेतावनी दी कि यदि इसके बावजूद भी कूड़ा फैलाया गया तो संबंधित लोगों पर नियमानुसार जुमार्ना लगाया जाएगा। आश्रम के मुख्य द्वार के पास सड़क किनारे और वन भूमि पर फैली गंदगी को लेकर भी नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को तत्काल सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। दुकानदारों के लिए डस्टबिन का उपयोग अनिवार्य करने की बात भी कही गई, ताकि आस्था की इस धरोहर की पवित्रता और गरिमा बनी रह सके।

# 'ग्राम चौपाल में अधिकारियों की मौजूदगी, आवास-पानी बिजली के मुद्दों पर ग्रामीणों ने रखी अपनी पीड़ा'




ग्राम चौपाल में मौजूद अधिकारीगण

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी चित्रकूट के निदेर्शानुसार विकास खंड कर्वी की ग्राम पंचायत बंदरी में शुक्रवार को पंचायत सचिवालय प्रांगण में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अरुण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस चौपाल में नायब तहसीलदार मंगल सिंह यादव, एडीओ समाज कल्याण आलोक सिंह, एडीओ सहकारिता नीरज कुमार, बीईओ अतुल दत्ता तिवारी, पशु चिकित्साधिकारी कुलदीप सिंह, कृषि विभाग के बीटीएम श्रीकांत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियां और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। चौपाल में ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन समेत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए बैंक खातों की ई-केवाईसी, आधार और मोबाइल लिंक कराना आवश्यक है ताकि सहायता सीधे खाते में पहुंच सके। ग्रामीणों ने आवास, बिजली के खंभे, नाली निर्माण और जलापूर्ति से जुड़ी समस्याएं उठाईं, जिन्हें दर्ज कर समाधान के निर्देश दिए गए। नायब तहसीलदार ने बताया कि ग्राम लेखपाल और राजस्व निरीक्षक के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण खतौनी उच्चारण नहीं हो सका, जिस पर शीघ्र प्रक्रिया पूरी कर लंबित वरासत मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए गए।

## देश के प्रथम दिव्यांग विश्वविद्यालय में उत्सव का माहौल, 22 मार्च को सजेगा ऐतिहासिक दीक्षांत समारोह

**चित्रकूट।** जिले के जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में 22 मार्च को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह को लेकर पूरे विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल दिखाई दे रहा है। विद्यार्थियों, शिक्षकों और अधिकारियों सहित समूचा विश्वविद्यालय परिवार इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने को उत्सुक है। राज्य सरकार द्वारा स्थापित इस विश्वविद्यालय का यह पहला भव्य दीक्षांत समारोह होगा, जिसे विशेष बनाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय और कुलसचिव मधुरेंद्र कुमार पर्वत ने बताया कि समारोह में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के ख्यातिलब्ध व्यक्तित्वों के साथ दिव्यांगजन कल्याण के लिए समर्पित हस्तियों को आमंत्रित करने की योजना है। संयोजक डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय के अनुसार विभिन्न समितियों के माध्यम से व्यवस्थाएं अंतिम रूप ले रही हैं। इस 9वें दीक्षांत समारोह में लगभग 1926 उपाधियां, 6 कुलाधिपति पदक, 141 स्वर्ण पदक और मानद उपाधियां प्रदान की जाएंगी। यह जानकारी मीडिया संयोजक डॉ सुशील त्रिपाठी ने दी।

## जिले में सूखे खेतों को मिलेगी नई जिंदगी, चार बन्धियों के पुनरोद्धार से बदलेगी खेती की तस्वीर

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले के किसानों के लिए राहत की खबर सामने आई है। सिंचाई प्रखण्ड प्रथम कर्वी के कार्यक्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत तहसील राजापुर में गढ़ौली नंबर-1, गढ़ौली नंबर-2 और सुरसेन बन्धी की क्षमता पुनर्स्थापना के लिए 349.35 लाख रुपये की परियोजना को स्वीकृति मिल गई है। इस योजना के तहत तीनों बन्धियों के पुनरोद्धार के साथ स्लूइस मरम्मत और अपस्ट्रीम स्लोप पर बोल्डर पिचिंग का कार्य कराया जाएगा, जिसके लिए निविदा प्रक्रिया शुरू की जा रही है। वहीं तहसील मऊ क्षेत्र में जयवन्ती टैंक के अपस्ट्रीम स्थित गौरियां बन्धी के पुनर्स्थापना के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 64.49 लाख रुपये की परियोजना स्वीकृत हुई है। इस कार्य के पूर्ण होने से आसपास के किसानों को सिंचाई के लिए स्थायी पानी उपलब्ध होने की उम्मीद है। साथ ही क्षेत्र में भू-गर्भ जलस्तर बढ़ने से खेती को नई मजबूती मिल सकती है। प्रस्तावित योजना के अनुसार सभी कार्य वर्ष 2026-27 तक पूर्ण कराने का लक्ष्य रखा गया है।

# निरीक्षण में खुली राजापुर तहसील की हकीकत, सैकड़ों लंबित वादों और शिकायतों पर एक माह का अल्टीमेटम

### फाइलों के बोझ तले दबी तहसील



जांच करते एडीएम न्यायिक

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी चित्रकूट के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अरुण कुमार ने शनिवार को तहसील राजापुर का निरीक्षण कर प्रशासनिक कार्यों की गहन समीक्षा की। इस दौरान उप जिलाधिकारी फूलचन्द्र यादव, तहसीलदार भरत प्रताप सिंह सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा। निरीक्षण में तहसील परिसर की साफ-सफाई, जनसामान्य के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्रसाधन और वाहन पार्किंग व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। वहीं आगामी हीटवेव को देखते हुए एडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील आने वाले लोगों के लिए पर्याप्त पेयजल और बैठने की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। राजस्व न्यायालयों की समीक्षा में कई वाद लंबित पाए गए। उप जिलाधिकारी न्यायालय में धारा-24, 116, 38(2) और 80 के कुल 189 वाद लंबित मिले, जबकि तहसीलदार न्यायालय में धारा-34 के 151 और नायब तहसीलदार न्यायालय में 51 वाद लंबित पाए गए। एडीएम ने नाराजगी जताते हुए विशेष रूप से पांच वर्ष से अधिक पुराने मामलों को एक माह के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए। वसूली प्रकरणों की जांच में दस बड़े बकायेदारों की फाइलों में नीलामी की कार्रवाई लंबित पाई गई, वहीं दो लाख से अधिक राशि के 82 वसूली प्रमाण पत्र भी लंबित मिले। इस पर तहसीलदार को समन, वारंट और संपत्ति कुर्की की कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए गए। आईजीआरएस पोर्टल और समाधान दिवस से जुड़ी 46 लंबित शिकायतों पर भी एडीएम ने नाराजगी जताते हुए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा।

# युद्ध के बीच भारत पर आया बड़ा संकट, तभी बीच में कूद पड़ा रूस



**रूस**

**लगातार** हो रहे भीषण हमलों ने मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ा दिया है। अमेरिका और इजराइल की ओर से हो रहे अटैक में अब तक हजारों ईरान के लोगों की मौत हो चुकी है और सेना को भी भारी नुकसान पहुंचा है। तो ईरान भी इजराइल और अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर ताबड़तोड़ मिसाइलें दागते हुए भयंकर तबाही मचा रहा है। अब यह जंग इतनी खतरनाक मोड़ पर पहुंच चुकी है कि अगर यह ठंडी नहीं पड़ी, तो मिडिल ईस्ट के साथ ही पूरी दुनिया को बड़े खतरे में डाल सकती है। इसी बीच अमेरिका ने भारत से लौट रहे एक ईरानी युद्धपोत को श्रीलंका के पास हमला करके डुबो दिया है। हमले में अब तक 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए हैं। यह युद्धपोत भारत में आयोजित एक नौसेना अभ्यास में शामिल होकर वापस लौट रहा था। पहले से ही घात लगाकर बैठी अमेरिकी नौसेना की पनडुब्बी ने इस पर भीषण हमला कर दिया है। तो इस जंग का असर अब भारत पर भी दिखने लगा है क्योंकि ईरान पर इजराइल और अमेरिका के हमले के बाद होम के रास्ते गुजरने वाले जहाजों की आवाजाही में 70% की भारी गिरावट आई है। भारत के कच्चे तेल के इंपोर्ट का लगभग 50% होमर से होकर गुजरता है। जिससे कि अब क्रूड ऑयल की सप्लाई प्रभावित होती हुई दिखाई दे रही है। लेकिन इस संकट की घड़ी में सबसे पुराना और भरोसेमंद दोस्त रूस भारत की मुसीबत को टालने के लिए मैदान में उतर आया है। रूस ने भारत के लिए तेल का खजाना खोलते हुए बहुत बड़ा ऐलान कर दिया है। रूस ने ऐलान करते हुए कहा है कि वह भारत में तेल भेजने के लिए तैयार है। रूस ने कहा है कि अगर पश्चिम एशिया से तेल की आपूर्ति प्रभावित होती है तो वह भारत को लगभग 95 लाख बैरल कच्चा तेल भेजने के लिए तैयार है।

दरअसल भारतीय महासागर और एशियाई जल क्षेत्र में करीब 9.5 मिलियन बैरल रूसी तेल टैंकरों मौजूद है। जिसे जरूरत पड़ने पर जल्द भारत भेजा जा सकता है। भारत के पास अभी करीब 25 दिन की मांग के बराबर तेल का स्टॉक है। यह स्टॉक लंबे समय के संकट से निपटने के लिए पर्याप्त नहीं है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता है और अपनी जरूरत का करीब 90% कच्चा तेल आयात करता है।

ऐसे में वैश्विक संकट का असर सीधे देश की अर्थव्यवस्था महंगाई और पेट्रोल डीजल की कीमतों पर पड़ सकता है। ऐसी स्थिति को देखते हुए रूस ने भारत को अतिरिक्त तेल उपलब्ध कराने की पेशकश की है। यानी रूस हमेशा की तरह भारत का साथ देने के लिए सामने आ गया है। जो बताता है कि यह दोस्ती फायदे नुकसान की नहीं बल्कि पारंपरिक है और अटूट विश्वास की है।

# 'तनाव कम करने के लिए बिंजिंग भेजेगा अपना विशेष दूत

**चीन**

**चीन** ने पुष्टि की कि वह मध्य पूर्व मुद्दे पर अपने विशेष दूत झाई जून को जल्द ही इस क्षेत्र में भेजेगा ताकि क्षेत्र में जारी संघर्ष के बीच तनाव कम करने में मदद मिल सके। एक प्रेस ब्रीफिंग में बोलते हुए, चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि देश का मानना है कि विवादों को सुलझाने के लिए संवाद और बातचीत ही एकमात्र कारगर समाधान हैं और संघर्ष का लगातार बढ़ना किसी के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि चीन तनाव कम करने के लिए सक्रिय रूप से काम करने हेतु मध्य पूर्व मुद्दे पर चीनी सरकार के विशेष दूत झाई जून को जल्द ही मध्य पूर्व भेजेगा। उन्होंने आगे कहा कि चीन सभी संबंधित पक्षों के साथ संवाद बनाए रखेगा और तनाव कम करने के उद्देश्य से आम सहमति बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर काम करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि बीजिंग मध्य पूर्व में



तनावपूर्ण स्थिति को लेकर "गंभीर रूप से चिंतित" है और हाल के दिनों में कई देशों के साथ लगातार संपर्क में रहा है।

संघर्ष का लंबा खिंचना और बढ़ना किसी के हित में नहीं है। चीन का मानना है कि युद्ध और बल प्रयोग से समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो सकता, संवाद और बातचीत ही सही समाधान हैं, और विवादों और मतभेदों के राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। माओ निंग ने कहा कि चीन संघर्ष में शामिल पक्षों सहित सभी पक्षों के साथ संवाद बनाए रखने, अन्य पक्षों के साथ और अधिक बातचीत करने और आम सहमति बनाने के लिए काम करना जारी रखेगा। उन्होंने आगे कहा कि चीन मध्य पूर्व में तनावपूर्ण स्थिति को लेकर बेहद चिंतित है। पिछले कुछ दिनों में, चीन ने विभिन्न पक्षों से गहन संपर्क स्थापित किया है।

यह बयान पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच आया है, जब शनिवार को ईरान की धरती पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त सैन्य हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और अन्य वरिष्ठ हस्तियों की मौत हो गई।

# ईरान ने इजरायल की तरफ दागी ब्रह्मोस से भी खतरनाक मिसाइल

**ईरान**

**ईरान** और अमेरिका-इजराइल गठबंधन के बीच संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है, लगातार छठे दिन भी प्रत्यक्ष सैन्य टकराव जारी है और तनाव कम होने के कोई तत्काल संकेत नहीं दिख रहे हैं। ईरान पर अमेरिकी-इजराइली हमलों में मरने वालों की संख्या पांच दिनों में 1,000 से अधिक हो गई है, जबकि लेबनान में लगभग 60 लोग, इजराइल में लगभग एक दर्जन लोग मारे गए हैं और छह अमेरिकी सैनिक भी शहीद हुए हैं। इजराइल ने ईरानी ठिकानों पर नए हमले किए और लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हवाई हमले तेज कर दिए, जिनमें बेरूत और उसके आसपास के इलाके भी शामिल हैं। ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में इजराइली और अमेरिकी हितों पर जवाबी हमले किए।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने एक इराकी-कुर्द राजनीतिक नेता से बातचीत के दौरान इराक के साथ ईरान की सीमा पर संभावित आतंकवादी गतिविधियों की चेतावनी दी। इस बीच, समुद्र में संघर्ष और बढ़ गया है, अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने कहा कि एक अमेरिकी पनडुब्बी ने अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में एक ईरानी युद्धपोत को डुबो दिया है। इजराइल ने लेबनान में ईरान समर्थित हिजबुल्लाह पर भी हमला किया, जबकि ईरान ने बहरीन, कुवैत और इजराइल को निशाना बनाकर हमले किए। तुर्की ने कहा कि नाटो की रक्षा प्रणाली ने ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल को तुर्की के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले ही रोक दिया। बढ़ती हिंसा ने वैश्विक



बाजारों को हिलाकर रख दिया है। ईरान के हमलों के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य में यातायात बाधित होने से तेल की कीमतों में उछाल आया है। होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है। दुनिया भर के शेयर बाजारों में ऊर्जा की बढ़ती लागत से वैश्विक अर्थव्यवस्था के धीमा होने की आशंकाओं का असर पड़ा है, हालांकि बुधवार को बाजार खुलने पर अमेरिकी शेयर अपेक्षाकृत स्थिर दिखे।

2,000 किलोमीटर की क्षमता वाली मिसाइल खोर्रमशहर-4 इजरायल की ओर दागी

ईरानी सरकारी मीडिया ने बताया कि आज सुबह इजरायली क्षेत्र की ओर खोर्रमशहर-4 नामक एक भारी मिसाइल दागी गई। रिपोर्ट के अनुसार, इस मिसाइल में एक टन का वारेड है और इसकी अनुमानित मारक क्षमता लगभग 2,000 किलोमीटर है। ईरान ने गुरुवार को दावा किया कि उसने कुवैत, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित अमेरिका के 20 से अधिक ठिकानों को नष्ट कर दिया है।

# कनाडा के पीएम मार्क कार्नी हुए कायल



**कनाडा**

**कनाडा** के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी को एक अनोखा व्यक्ति बताया और प्रधानमंत्री की सप्ताहांत की दिनचर्या के बारे में मजाक किया। कार्नी ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में लोवी इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित एक सेमिनार में भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के साथ हुई अपनी बातचीत के बारे में बात कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी के बारे में पूछे जाने पर कार्नी ने कहा कि ये व्यक्ति अद्वितीय हैं। उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में 25 वर्षों में एक भी दिन की छुट्टी नहीं ली है। प्रधानमंत्री मोदी के राजनीतिक नेता के रूप में अटूट समर्पण का जिक्र करते हुए कार्नी ने अपने कनाडाई मंत्री, फ्रांस्वा-फिलिप शैम्पेन से मजाक किया।

कार्नी ने मजाक में कहा कि उन्होंने एक दिन की भी छुट्टी नहीं ली है। हर सप्ताहांत, आपकी तरह, फ्रांस्वा-फिलिप, वे चुनाव प्रचार में निकल जाते हैं। उनकी रैलियों में 250,000 लोग आते हैं, आपकी रैलियों में 25, लेकिन कोई बात नहीं। यह सुनकर सेमिनार में मौजूद लोग हंस पड़े। कनाडा के प्रधानमंत्री ने मोदी की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे ग्रामीण आबादी की जरूरतों को पूरा करने पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करते हैं। उन्होंने यूपीआई को देश की भुगतान प्रणाली में एक महत्वपूर्ण बदलाव बताते हुए इसे प्रधानमंत्री मोदी प्रशासन की एक अहम उपलब्धि बताया। उन्होंने मुझे एक ऐसा नुस्खा बताया जिसे हर कोई अपनाएगा, और वो ये है कि वो वितरण पर बहुत ध्यान केंद्रित करते हैं। कार्नी ने कहा कि मैं इसे ग्रामीण परिवारों तक वितरण कहूंगा... इसलिए वित्तीय सुधार, भुगतान प्रणाली में बदलाव, यूपीआई और अन्य चीजों के पीछे एक बड़ा मकसद था।

# अयातुल्ला खामेनेई के लिए भेजा शोक संदेश

**ईरान**

**भारत** सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने गुरुवार को ईरान दूतावास में दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई के लिए शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। इस यात्रा की तस्वीरें ईरानी अधिकारियों द्वारा साझा की गईं।

ईरान ने अमेरिका पर समुद्र में अत्याचार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय नौसेना के अतिथि फ्रिगेट 'डेना' पर ईरान के तट से लगभग 2,000 मील दूर अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में बिना किसी चेतावनी के हमला किया गया।

ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने एक पोस्ट में कहा कि लगभग 130 नाविकों को ले जा रहे इस जहाज को बिना किसी उकसावे के निशाना बनाया गया। अमेरिका ने ईरान के तट से 2,000 मील दूर समुद्र में अत्याचार किया है।


भारतीय

नौसेना के अतिथि फ्रिगेट 'डेना' पर लगभग 130 नाविकों को अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में बिना किसी चेतावनी के हमला किया गया।

# ईरान की 7 में से 6 बैलिस्टिक मिसाइलें हवा में कीं नष्ट

**संयुक्त अरब**

**संयुक्त** अरब अमीरात के रक्षा मंत्रालय ने आज, 5 मार्च 2026 को घोषणा की कि यूएई की वायु रक्षा प्रणालियों ने सात बैलिस्टिक मिसाइलों का पता लगाया, जिनमें से छह को रोककर नष्ट कर दिया गया, जबकि एक बैलिस्टिक मिसाइल देश के भीतर गिरी। मंत्रालय ने आगे बताया कि वायु रक्षा प्रणालियों ने 131 ड्रोनों का भी पता लगाया, जिनमें से 125 को रोककर नष्ट कर दिया गया, जबकि छह यूएई क्षेत्र के भीतर गिरे। मंत्रालय ने कहा कि ईरान की इस घोर आक्रामकता की शुरूआत से लेकर अब तक यूएई की ओर



196 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गईं, जिनमें से 181 नष्ट कर दी गईं, 13 समुद्र में गिरीं और दो देश के भीतर गिरीं। कुल 1,072 ईरानी ड्रोनों का भी पता लगाया गया, जिनमें से 1,001 को रोककर नष्ट कर दिया गया, जबकि 71 देश के भीतर गिरे।

इन हमलों में पाकिस्तानी, नेपाली और बांग्लादेशी नागरिकों की तीन-तीन मौतें हुईं, साथ ही अमीराती, मिस्त्री, इथियोपियाई, फिलिपिनो, पाकिस्तानी, ईरानी, ??भारतीय, बांग्लादेशी, श्रीलंकाई, अजरबैजानी, यमनी, युगांडाई, इरिट्रियाई, लेबनानी, अफगानी, बहरीनी, कोमोरियाई और तुर्की नागरिकों सहित 94 लोग मामूली रूप से घायल हुए। रक्षा मंत्रालय ने दोहराया कि वह किसी भी खतरे से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है और देश की सुरक्षा, संप्रभुता, स्थिरता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय कर रहा है। मंत्रालय ने आगे स्पष्ट किया कि पिछले शनिवार को संघर्ष शुरू होने के बाद से, "देश की ओर दागी गई ।

# 150 शहरों में हमले, हजारों लोग मरे

**इजरायल**

**इजरायली** सेना ने ईरान में किए गए अपने हवाई हमलों का नया वीडियो जारी किया है। सेना के अनुसार इन हमलों में ईरान के एक बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चर और एक वायु रक्षा प्रणाली को निशाना बनाया गया। बताया गया कि कुम शहर में मौजूद यह मिसाइल लॉन्चर इजरायल पर हमला करने की तैयारी में था, जिसे समय रहते नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा इस्फहान इलाके में स्थित एक वायु रक्षा प्रणाली को भी हवाई हमले में तबाह कर दिया गया। इजरायली सेना का दावा है कि इन हमलों से ईरान की संभावित मिसाइल कार्रवाई को पहले ही रोक दिया गया।

हम आपको यह भी बता दें कि आज युद्ध के छठे दिन ईरान के दक्षिणी बंदरगाह शहर बंदर अब्बास में जोरदार धमाकों की खबर सामने आई। बताया गया कि ये विस्फोट बंदर ए बहोनार इलाके के पास हुए, जहां इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के पहले नौसैनिक क्षेत्र का महत्वपूर्ण ठिकाना मौजूद है। यह इलाका होरमुज जलडमरूमध्य के बेहद करीब माना जाता है, जो दुनिया के सबसे अहम समुद्री मार्गों में गिना जाता है। इसके साथ ही ईरान के कई हिस्सों में हमलों की नई लहर शुरू हो गयी है। राजधानी तेहरान के पूर्वी हिस्सों में भी जोरदार धमाके सुने गए और उनकी कंपन शहर के कई इलाकों तक महसूस की गई, हालांकि तुरंत यह साफ नहीं हो सका कि हमलों का निशाना कौन से ठिकाने बने। इसी दौरान ईरान के कुर्द बहुल शहर सनंदज, सक्केज और बुकार में भी रात भर हमलों की खबरें आईं। ईरानी अधिकारियों का दावा है कि पिछले शनिवार से अब तक देश के डेढ़ सौ से अधिक शहर किसी न किसी हमले का शिकार हो चुके हैं।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक
अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# एस. जयशंकर ने ईरानी विदेश मंत्री को किया फोन, शांति की अपील

**ईरान**

**मध्य** पूर्व में जारी संघर्ष के बीच, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से टेलीफोन पर बातचीत की। इसके अलावा, उन्होंने ओमान के विदेश मंत्री सैयद बदर बिन हमद बिन हमूद अलबुसैदी से भी खाड़ी क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि आज दोपहर ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से टेलीफोन पर बातचीत हुई। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा कि मैंने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर ओमान के विदेश मंत्री सैय्यद बदर बिन हमद बिन हमूद अलबुसैदी से बात की।

लगभग एक सप्ताह में यह दूसरी बार है जब जयशंकर ने ईरानी विदेश मंत्री से बात की। 28 फरवरी को हुई अपनी पिछली बातचीत में, विदेश मंत्री ने ईरान और मध्य पूर्व में हाल के घटनाक्रमों पर भारत की गहरी चिंता व्यक्त की थी। उसी दिन, उन्होंने अपने इजरायली समकक्ष गिदोन सार से भी बात की और तनाव कम करने के लिए संवाद और कूटनीति के भारत के आह्वान को दोहराया।

भारत स्थिति पर नजर रख रहा है, प्रधानमंत्री मोदी ने कूटनीति का आह्वान किया

अमेरिका, इजरायल और ईरान के



बीच मध्य पूर्व में संघर्ष शुरू होने के बाद से भारत लगातार वहां की स्थिति पर नजर रख रहा है। भारत ने बार-बार संयम बरतने का आह्वान किया है और कहा है कि सभी मुद्दों का समाधान संवाद और कूटनीति के माध्यम से होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्थिति पर नजर रख रहे हैं और उन्होंने पिछले सप्ताह कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की बैठक की अध्यक्षता भी की थी। उन्होंने खाड़ी देशों के नेताओं के साथ नियमित वार्ता भी की और अपने-अपने समुदायों में भारतीय समुदाय की देखभाल करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन से भी बात की और कहा कि नई दिल्ली और पेरिस क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए घनिष्ठ रूप से जुड़े रहेंगे और प्रयासों का समन्वय करेंगे। प्रधानमंत्री ने फेसबुक पर पोस्ट किया कि हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर अपनी साझा चिंताओं और संवाद और कूटनीति की ओर लौटने की आवश्यकता पर चर्चा की।

# चलीं धड़ाधड़ गोलियां और...अपने ही परिवार का कातिल क्यों बन गया राजकुमार? नेपाल का सबसे बड़ा शाही रहस्य

**नेपाल**

**नेपाल** एक बहुत खूबसूरत देश है। जहां हिमालय के पहाड़ आसमान को छूते हैं। हरेभरे खेत, बहती हुई साफ नदियां, घने जंगल और एकदम ताजा हवा मिलती है यहां। इस देश का सिर्फ नेचर ही नहीं यहां के मंदिर और मोनेस्ट्रीज भी उतने ही खूबसूरत हैं। 2.97 करोड़ की पॉपुलेशन वाला यह देश हमेशा चहल-पहल से भरा रहता है। चाहे वह मंदिरों के बाहर बजने वाली घंटियां हो या लोगों से भरी हुई सड़कें। लेकिन 2 जून 2001 के दिन नेपाल में शांति छाई हुई थी। उस दिन वहां भीड़ तो थी लेकिन नेपाल रॉयल फैमिली के घर के बाहर और वहां पर उस दिन नॉर्मल दिनों से ज्यादा एक्स्ट्रा सिक्योरिटी लगी हुई थी। बाहर खड़े हुए लोग आपस में बातें कर रहे थे। कोई दुखी नजर आ रहा था तो कोई शॉक था और हो भी क्यों ना एक ही रात में किसी ने नेपाल की पूरी रॉयल फैमिली को मार डाला था। हर देश में भगवान को मानने वाले लोग रहते हैं। लेकिन नेपाल में एक ऐसा टाइम भी था जब वहां के किंग को भी उतना ही मानते थे लोग। नेपाल में राजा को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता था। किंग को एकता का प्रतीक माना जाता था। किंग के परमिशन के बिना एक पत्ता तक नहीं हिलता था वहां। छोटे से छोटा और बड़े से बड़ा डिसीजन हमेशा किंग के आदेश के बाद ही लिया जाता था।

उनकी इस पावर और लोगों के बीच इज्जत की वजह से नेपाल एज अ कंट्री और वहां के लोग भी बिना किसी डर के रहते थे। उन्हें पता था कि उनके किंग सब संभाल लेंगे उनके लिए। इसीलिए कई



सालों तक नेपाल में राजशाही का दौर चला। ऐसे ही एक किंग थे नेपाल के 10वें राजा वीरेंद्र वीर विक्रम शाह देव। किंग वीरेंद्र जितने इंटेलिजेंट थे उतने ही रिस्पांसिबल भी थे। हार्व यूनिवर्सिटी से पढ़ाई करने के बाद जब वो नेपाल लौटे तो वो नेपाल की सड़कों पर चलकर वहां के रिमोट एरियाज में जाया करते थे। ताकि वह अपनी आंखों से देख सकें कि उनके देश में लोग कैसे रह रहे हैं। उन्हें किस चीज की तकलीफ है। चाहे वह बड़ी इंडस्ट्रीज को नेपाल में लाना हो या प्रॉपर रोड्स के कंस्ट्रक्शन हो या एनवायरमेंट एंड एनिमल प्रोटेक्शन के लिए रिजर्व्स डेवलप करना हो। इसीलिए उन्हें बंदूक रखने का बहुत ज्यादा शौक था और उनके पास कहीं सारी बंदूकों का कलेक्शन भी था। जैसे कि राइफल हो गई, शॉर्ट गन हो गई या फिर सब मशीन गन भी थी उनके पास।

नेपाल नरेश बीरेंद्र विक्रम और उनकी पत्नी महारानी ऐश्वर्य इनके दो बेटे और एक बेटी थी। एक बेटा दीपेंद्र और दूसरा निरंजन। वहीं एक बेटी। नेपाल नरेश ने दीपेंद्र को क्राउन प्रिंस बना दिया था। मतलब उनके बाद अगला राजा वही होगा। इसी दौरान क्राउन प्रिंस दीपेंद्र को दिव्यानी नाम की लड़की से इश्क हो जाता है। दिव्यानी जिस परिवार से आती थी उसे महारानी ऐश्वर्य पसंद नहीं करती थी और वो चाहती थी कि दीपेंद्र शाही परिवार के ही एक रिश्तेदार सुप्रिया शाह से शादी करे। इसको लेकर मां-बेटे में काफी बहस चली। ऐश्वर्य ने फिर इनकार करते हुए कहा कि उसके लिए दुल्हन उन्होंने चुन ली थी। इस बार प्रिंस दीपेंद्र नाराज हो गए और यह कहकर वहां से निकल गए कि वो शादी दिव्यानी से ही करेंगे।

इसी दौरान दीपेंद्र ने नेपाल के सुरक्षा विभाग के लिए हथियारों और अन्य उपकरणों की डील का एक प्रस्ताव रखा और अपना सुझाव भी दिया। लेकिन प्रिंस दीपेंद्र के इस प्रस्ताव से उनके पिता और नेपाल नरेश ने किनारा करते हुए अपने फैसले को वरीयता दी।